MR. CHAIRMAN: No; she has not.

I think the House now allow me to proceed to the next item on the Order Paper.

ALLOTMENT OF TIME FOR CONSIDERATION AND RETURN OF THE APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1964

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that under rule 162(2) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I have allotted one hour and thirty minutes for the completion of all stages involved in the consideration and return of the Appropriation (No. 4) Bill. 1964, by the Rajya Sabha, including the consideration and passing of amendments, if any, to the Bill.

LEAVE OF ABSENCE TO SHRI SURENDRA MOHAN GHOSE

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that the following letter, elated 20th May, 1964 has been received from Shri Swrendra Mohan Ghose: —

> "I had a sudden heart attack for which I was removed to Balrampur Hospital, Lucknow. The doctors have advised complete rest, confined to bed for an indefinite period. For the present, at least for three weeks, I should remain so confined to bed in the hospital. Under these circumstances, it will not be possible for me to attend the Session of the Rajya Sabha which commences from the 27th of May. May I, therefore, request you to grant me leave of absence for the Session of the Rajya Sabha?"

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri Su-rendra Mohan Ghose for remaining absent from all meetings of the House during the current session?

(No hon. Member dissented.)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent granted.

STATEMENT *RE* THE MISSING AIRCRAFT ILYUSHIN-14

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI Y. B. CHAVAN) : Sir, in continuation of my statement in this House on the 3rd June, 1964 regarding the progress made in the search for the missing Ilyushin aircraft. I wish to inform the House that an army patrol has located the wrecked aircraft in an area two miles west of Tragm which is itself about 9 miles south, south-west of Banihal. Pieces of the wrecked aircraft are found scattered lying over a wide area. The body of the Tate Major-General R. S. Garewal, who was one of the passengers of the ill-fated aircraft has also been recovered from the site of the crash and identified. I am not, Sir, in possession of full details about the condition of the body. Parts of other human bodies have also been found. Nine mail bags, two beddings and a number of other articles have also been recovered. There is heavy and deep snow around the wreckage. The approach route is difficult and the weather has been inclement. These factors have impeded the salvage work. Weather permitting arrangements are being made to evacuate the body of the late Major-General Garewal by helicopter today.

THE CONSTITUTION (SEVENTEENTH AMENDMENT) BILL, 1964—*Continued*

श्री ए० बी० वाजपेयी (उत्तर प्रदेश) : सभापति जी, संविधान में संशोधन का यह विधेयक संयुक्त प्रवर समिति द्वारा जिस रूप में प्रस्तुत किया गया है वह रूप उसके पहले रूप से काफी भिन्न है । जब विधेयक प्रवर समिति में भेजा जाय इस दृष्टि से विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था तब यह आशंका प्रकट गई थी कि भूमि सुधारों के नाम पर उन किसानों को भी भूमि रखने के अधिकार से वंचित कर दिया जायगा जिनकी भूमि जोत

की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के सम्बन्ध में जो कानून बने हैं उन कानूनों के अन्तर्गत आती है। यह सन्तोष की बात है कि संयुक्त प्रवर समिति ने इस विधेयक में यह सुधार कर दिया है कि यदि किसान के पास जो सीलिंग के सम्बन्ध में कानून बने हैं, उनके अनुसार जो मर्यादा निश्चित की गई है उस मर्यादा के नीचे भूमि होगी तो उस भूमि का अधिग्रहण तभी किया जायेगा जबकि बाजार भाव से उन्हें उस भूमि का मूल्य पाने का अधिकार हो। मैं समझता हूं कि इस संशोधन का स्वागत किया जाना चाहिये।

भारतीय जनसंघ भूमि पर अधिकतम मर्यादा लगाने के पक्ष में है। इस प्रश्न को हम शहरों में जो सम्पत्ति है उसके साथ जोड़ कर देखने की गलती नहीं कर सकते। देश में भूमि की भूख बहुत प्रबल है। सामाजिक न्याय की दृष्टि से कुछ हाथों में भूमि का एकत्रीकरण होना न उत्पादन बढ़ाने के लिए सहायक होगा और न विषमता को कम करने के हमारे सामाजिक उद्देश्य की पूर्ति में मदद देगा। इस दृष्टि से अधिकतम जोत की मर्यादा लगाने के कानूनों का स्वागत होना चाहिये किन्तु इस संबंध में एक कठिनाई है। किसान के पास अधिक से अधिक कितनी भूमि रहे इसका निश्चय राज्य सरकारें करती हैं। इस विधेयक में इस बात की कोई गारंटी नहीं है, यदि राज्य सरकारें चाहें तो सीलिंग की मर्यादा को कम कर दें और किसानों के मन में एक अनिश्चितता उत्पन्न करें। प्रवर समिति में यह सुझाव दिया गया था कि कम से कम दस, पन्द्रह साल के लिये सीलिंग के सम्बन्ध में राज्यों में जो कानून बने हैं उनमें परिवर्तन नहीं होना चाहिये क्योंकि उत्पादन बढ़ाने के लिये किसान प्रेरित हो उसके लिये जहां यह जरूरी है कि जमीन जोतने वाले को जमीन का मालिक बनाया जाय, वह अपने परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त करे और अधिकाधिक उत्पादन की वृद्धि में योग दे, वहां यह भी आवश्यक है कि किसानों के मन में एक निश्चितता का भाव पैदा किया जाय कि जिस जमीन के आज वे मालिक है वह जमीन निकट भविष्य में न तो उनसे छीनी जायगी और न उस जमीन की जोत की मर्यादा ही कम की जायगी। यह ठीक है कि ये कानून राज्यों के है लेकिन राज्यों में भी एक नीति के निर्धारण में कम से कम आज तो कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिये जबकि सभी राज्यों में एक ही दल का शासन काम कर रहा है और शासक दल अपनी नीतियां सभी राज्यों से मनवाने की स्थिति में है। यदि हम सीलिंग सम्बन्धी कानूनों को संरक्षण देंगे—जैसा संरक्षण कि इस विधेयक के द्वारा दिया जा रहा है कि उन कानूनों को अब अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकेगी—तो हमें इस बात का भी प्रबन्ध करना होगा कि राज्य सरकारों ने जो सीलिंग सम्बन्धी कानून इस समय बना दिये हैं उन कानूनों में निकट भविष्य में हेर फेर न किया जाये। उड़ीसा की कांग्रेस ने यह प्रस्ताव किया है कि किसान के पास अधिक से अधिक जमीन ६ एकड़ होनी चाहिये। यदि उड़ीसा की कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के इस प्रस्ताव को कार्यान्वित करेगी तो वहां के कानून को बदलना होगा। इसके फलस्वरूप किसानों के मन में अनिश्चितता पैदा होगी, भविष्य के बारे में वे आशंकावान होंगे और अनिश्चित मन से, संशकित स्थिति में, उत्पादन बढ़ाने के लिये जितना परिश्रम और साधन जटाने चाहियें उतने साधन नहीं जुटा सकेंगे। मैं मांग करता हूं कि यदि केन्द्रीय सरकार संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं कर सकती जिसके अनुसार सीलिंग केसम्बन्धमें बनेहुए कानूनों को निकट भविष्य में बदला न जाय तो भी राज्य सरकारों से परामर्श करके उसे यह घोषणा करनी चाहिये कि जो सीलिंग के कानून बन गये है और उनके अन्तर्गत जितनी जमीन एक किसान को, कृषक परिवार को, मिल गई है, उसकी वह जमीन निकट भविष्य में ली नहीं जायगी। हां, दस पन्द्रह साल बाद अगर समाज की बदली हुई परिस्थिति में हम सीलिंग सम्बन्धी

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

कानूनों में पुनर्विचार करना चाहें तो हमें आपत्ति नहीं होगी । लेकिन निकट भविष्य में किसानों को पूरा आश्वासन दिया जाना चाहिये कि सीलिंग के अन्तर्गत उनके पास जितनी जमीन है उस जमीन के वे मालिक रहेंगे, उस जमीन म वे रुपया लगाएं, खेती की उन्नति के साधन अपनाएं और अपनी स्थिति भी सुधारें और देश में जो अन्न के अभाव की स्थिति है उसे भी पूरा करें । मैं आशा करता हू, केन्द्रीय सरकार इस सम्बन्ध में गम्भीरता से विचार करेगी । इस प्रश्न को हम राज्यों के ऊपर नहीं छोड़ सकते और अगर राज्यों के ऊपर छोड़ना है तो फिर यह संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं थी । हम राज्यों को कानूनों का संरक्षण दे रहे हैं तो हम उनसे मांग कर सकते हैं कि वे सीलिंग सम्बन्धी कानूनों के साथ खिलवाड़ नहीं करें ।

सभापति जी, इससे जुड़ा हुआ एक दूसरा पहलू भी है—सीलिंग के अन्तर्गत अधिकतम मर्यादा कौनसी हो और सीलिंग लागू करते हुए जोतबन्दी लागू करते हुए, कौनसी बातें ध्यान में रखी जायं । इस सम्बन्ध में योजना आयोग ने कुछ नीतियां निर्धारित की थीं । वे नीतियां राज्य सरकारों को भेजी गई जिसके अनुसार वे सीलिंग के सम्बन्ध में अपने कानूनों का निर्माण करें । लेकिन संयुक्त प्रवर समिति में हमें यह देख कर बड़ा आश्चर्य हुआ कि राज्यों ने सीलिंग के सम्बन्ध में अलग अलग नीतियां अपनाई । किसी राज्य में जो गन्ने के फार्म हैं उनको सीलिंग कानून के अन्तर्गत नहीं लाया गया, उन फार्मों को सीलिंग की परिधि से छोड़ दिया गया, जबकि किसी अन्य राज्य में गन्ने के फार्म जो भी सीलिंग के अन्तर्गत ले लिया गया है और हमारी संसद या सदन इस स्थिति में रख दिये गये हैं कि हम एक राज्य के उस कानून को भी संरक्षण दे रहे हैं जिसमें गन्ने के फार्म को सीलिंग में लाया गया है और दूसरे राज्यों में ऐसे कानून को संरक्षण दे रहे हैं जिसके अन्तर्गत गन्ने के फार्मों को सीलिंग के अन्तर्गत लाया नहीं गया । महाराष्ट्र से जो प्रतिनिधि संयुक्त प्रवर समिति के सम्मुख आए थे उन्होंने इस बात की शिकायत की । यद्यपि व्यक्तिगत रूप से मैं और मेरा दल भी इस बात के हामी हैं कि सीलिंग का कानून सभी तरह की फसलों पर लागू होना चाहिये लेकिन अगर योजना आयोग की सिफारिश यह है कि गन्ने के फार्म, चाय के, काफी के फार्म और अच्छी तरह से एफीशियंटली रन मैकनाइज्ड फार्म सीलिंग के अन्तर्गत न आएं तो योजना आयोग को इस नीति को सभी राज्यों में मनवाना चाहिये था । लेकिन राज्यों की नीति भिन्न-भिन्न है और फिर संसद से सभी राज्य अपने कानूनों के लिये संरक्षण की मांग करते हैं तो इसमे एक राज्य के नागरिक की तुलना मे दूसरे राज्य के नागरिकों के साथ भेदभाव होने की अन्याय होने की आशंका है और संसद को कहा जा रहा है कि वह इस प्रकार की भेदभावपूर्ण नीति पर अपनी मोहर लगा दे ।

[THE DEPUTY-CHAIRMAN in **the** Chair].

मैं समझता हूं कि अभी भी केन्द्रीय सरकार को, योजना आयोग को इस बात का प्रयत्न करना चाहिये कि सीलिंग के सम्बन्ध में सभी राज्यों में एक से कानून हों, क्योंकि अगर सभी राज्यों में से एक से कानून नहीं होंगे तो उससे कठिनाइयां पैदा होंगी लोगों में एक दूसरे के विरुद्ध बातें कहने की प्रवृत्ति बल पकड़ेगी । इस दृष्टि से सभी राज्यों के कानूनों मे एकरूपता लाने की बड़ी आवश्यकता है ।

तीसरी बात यह है कि जब विधेयक सदन में पहली बार प्रस्तुत किया गया तब उसमें १२४ अधिनियम जोड़े गए थे जो नाइन्थ शिडयल मे, नवें परिशिष्ट में, रखे जाने थे । बाद में उनकी संख्या घटाई गई और यह काम जिस तरह से किया गया उससे ऐसा लगता है कि विधि मन्त्रालय ने इस बात का विचार

नहीं किया कि भूमि सुधार लागू करने के लिये किस कानन को संविधान में संरक्षण देना जरूरी है और किस कानून को संरक्षण देना जरूरी नहीं है । अगर विधि मन्त्रालय ने ठीक तरह से विचार किया होता तो पहले विधेयक में, संयुक्त प्रवर समिति को भेजने से पहले, १२४ कानूनों की लम्बी सूची न दी जाती । फिर संयुक्त प्रवर समिति में कहा गया कि अब सूची घटाई जा रही है और सूची ८८ कर दी गई । फिर एक नयी सूची कर दी गई जिसमें कहा गया कि आप ८ या ९ कानून और शामिल कर लीजिए । मैं समझता हूं, सारा काम जिस ढंग से हुआ है वह यह बताता है कि विधि मन्त्रालय में संशोधन करने के महत्वपूर्ण प्रश्न पर भी अपने दिमाग में यह निश्चय नहीं कर पाता कि कौन से कानून संरक्षण चाहते हैं और कौन से कानूनों को संरक्षण की आवश्यकता नहीं है । हम यह चाहते हैं कि भूमि सुधार के काम में देरी नहीं होनी चाहिये और अगर कोई ऐसा कानून हो जिसे उच्च न्यायालय ने, सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है और उससे बहुत से लोगों के प्रभावित होने की सम्भावना है तो उस कानून को संसद अपना विशेष संरक्षण दे उसके हम खिलाफ नहीं हैं । लेकिन इस विधेयक में ऐसे कानून भी शामिल कर दिए गए हैं जिनकी वैधता को न तो अभी तक चुनौती दी गई है,न जिन्हें किसी न्यायालय ने, हाईकोर्ट ने या सुप्रीम कोर्ट ने, अभी तक रद्द किया है । हां, विधि मन्त्रालय के दिल में शंका है कि इस कानन को कभी चुनौती दी जा सकती है और जिसको कभी चुनौती दी जा सकती है उसको अभी से संरक्षण दे दिया जाय । यह सोचने का तरीका ठीक नहीं है । सीलिंग से सम्बन्धित कानूनों की एक दो धाराओं को छोड़ कर, बाकी को उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय अपनी स्वीकृति दे चुके हैं । सीलिंग लगाना, अधिकतम जोत की मर्यादा लागू करना––यह हमारे संविधान की धाराओं के खिलाफ नहीं है, यह सम्पत्ति रखने के मौलिक अधिकार के खिलाफ भी नहीं है ।

इस विधेयक के सम्बन्ध में कहा जाता है है कि सम्पत्ति कमाने, उसे रखने का अधिकार मूलभूत अधिकार है और यह विधेयक उस पर प्रहार कर रहा है । मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि व्यक्ति को सम्पत्ति कमाने का, सम्पत्ति को रखने का अधिकार होना चाहिये और लोकतन्त्र में हम इस अधिकार को मिटा नहीं सकते । लेकिन कोई भी अधिकार बिना मर्यादा के नहीं हो सकता है । जहां हम अधिकार देते हैं वहां उसके साथ उसकी मर्यादा भी लगी हुई है । हम किसी को अनाप शनाप दौलत का अम्बार खड़ा करने की छूट नहीं देना चाहते हैं । जब समाज, विशेष रूप से उसका बड़ा वर्ग ऐसा है जिसको जीवन की बुनियादी आवश्यकताएं भी अभी प्राप्त नहीं हुई तब सम्पत्ति के अधिकार पर भी हमको मर्यादा लगानी होगी । मर्यादा लगाने में मतभेद नहीं है । लेकिन मतभेद इस बात में है कि क्या बड़ी जायदाद पर मर्यादा लगाना और छोटी सी, मेहनत की कमाई को ले लेना, इन दोनों में कोई अन्तर होना चाहिये या नहीं होना चाहिये ? देशी रियासतें खत्म हो गई, जमींदारियां मिट गई, ताल्लुकेदारियां समाप्त हो गई––हमने उसका विरोध नहीं किया । विरोध करने की आवश्यकता भी नहीं थी । बदलती हुई व्यवस्था समय के अनुकूल होनी चाहिये और जो इस काल के प्रवाह को रोकने का प्रयत्न करेंगे वे प्रवाह को तो नहीं रोकेंगे, शायद वे उठा कर प्रवाह के किनारे फेंक दिये जायेंगे । लेकिन मुझे डर है कि कहीं छोटे किसान भी अपनी छोटी जमीनों से वंचित नहीं कर दिये जायें । क्या उसे पूरा मुआवजा मिलेगा ? गाजियाबाद के किसान मुआवजे के लिये किस तरह से संसद के दरवाजे पर सर टकराते रहे हैं, उसको हम भुला नहीं सकते । हम बड़े लोगों को उनकी पूरी जायदाद का पूरा मुआवजा नहीं दे सकते हैं । उसको तो जनहित में कम करेंगे । लेकिन छोटा किसान, छोटा दुकानदार, जो श्रमजीवी है, मेहनतकश है, वह अपनी जायदाद को कमा

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

सके, उस जायदाद का उपभोग कर सके, उस जायदाद का संरक्षण किया जाय, इस बात की पूरी व्यवस्था आवश्यक है। लेकिन इस विधेयक के अन्तर्गत जिस तरह के कानूनों को संरक्षण दिया गया है उससे मन में आशंका पैदा होती है। सरकार समझती है कि संविधान मे संशोधन किया जा रहा है इसलिए जो भी कानून अदालत मे जा सकते हैं, भले ही उन कानूनों का सम्बन्ध भूमि सुधार मे न हो, उन कानूनों को भी संरक्षण दे दिया जाय। उदाहरण के लिये मैसूर का एक कानून इसमें शामिल किया गया है जिसमे १२ हजार लोगों की नौकरियों को खत्म करने का सवाल है। यह ठीक है कि वे नौकरियां परम्परा से चलती आ रही हैं, बाप की जगह बेटा नियुक्त किया जाता है, बेटे की जगह पोता नियुक्त किया जाता है। स्वतन्त्र भारत में और लोकतन्त्रीय भारत मे, ऐसे जन्म के आधार पर इस प्रकार की नौकरियां चलें, उसे हम उचित नहीं समझते हैं। मगर मैं यह पूछना चाहता हूं कि उस कानून को जिसे "मैसूर विलेज आफिसेज एबोलिशन ऐक्ट" कहते हैं और जिसे इस विधेयक में संरक्षण के लिए शामिल किया गया है, उस कानून का भूमि सुधार से क्या सम्बन्ध है? अगर वह कानून पास नहीं होगा, अगर संसद उस कानून को संरक्षण नहीं देगी तो हो सकता है कि १२ हजार लोगों की नौकरियां आज खत्म करना सम्भव नहीं हो। लेकिन क्या मैसूर में भूमि सुधार का काम रुक जायेगा अगर इन १२ हजार लोगों की नौकरियां बनी रहेंगी? हम उस कानून को संरक्षण कैसे दे सकते हैं क्योंकि यह तो अपवाद के लिए व्यवस्था है। संविधान मे जो मूलभूत अधिकार दिये गये है उनके अन्तर्गत उनका उपयोग करके कोई किसी कानून को चुनौती नहीं दे सकेगा। इसी चीज के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है और संविधान मे संशोधन किया जा रहा है ताकि उन कानूनों को चुनौती न दी जा सके। मगर हम इस अवसर का उपयोग उन कानूनों को इस विधेयक में शामिल करके नहीं कर सकते हैं जिन कानूनों का सम्बन्ध भूमि सुधार से नहीं है। किंतु शायद मैसूर सरकार यह सोचती है कि यह एक अच्छा मौका है, संविधान में संशोधन हो रहा है, यह कानून हमें परेशान कर रहा है, वह कानून परेशान कर रहा है।

SHRI M. GOVINDA REDDY (Mysore) : May I say a word about it? It was perhaps because some of the village officers had land grants as their remuneration that this Act has been included. That is all.

SHRI A. B. VAJPAYEE: If they had grants and if the grants are to be paid in cash.

SHRI M. GOVINDA REDDY: They were *inams.*

SHRI A. B. VAJPAYEE: Even then it is an entirely different matter. It relates only to 12,000 persons. It should not have been brought into this Bill.

SHRI M. GOVINDA REDDY: But they were by way of inams. That is why they had to be resumed.

SHRI A. B. VAJPAYEE: But I fail to understand how the process of land reforms is retarded. Even if we say that those 12,000 persons are allowed to keep their land, how is the process of land reforms retarded? It might affect to some extent.

SHRI M. GOVINDA REDDY: Those *inams* had to be resumed.

SHRI B. RAMAKRISHNA RAO (Andhra Pradesh): If that Act is not included in the Schedule, it will not be applicable to the tenants of those lands. That is why that law is being protected.

SHRI A. B. VAJPAYEE: Do they have land above the ceiling limit?

THE DEPUTY MINISTER nsr THE MINISTRY OP LAW (SHRI BIBUDHENDRA MISRA) : It relates to land reforms in the sense that all these people were granted land in lieu of services. They no longer perform the services. How do you take away

the land? You have to pass an Act saying that since the services are not performed, the lands had to be taken away. They are no longer performing the aervices. In that way it has been done.

SHRI A. B. VAJPAYEE: Even now I am not convinced. If they are not performing the services, still they possess the land. If they are prepared to cultivate the land and if the area of the land is under the ceiling limit, then there is no need to deprive them of their land.

SHRI BIBUDHENDRA MISRA: In the Act also provision for compensation is there.

श्री ए० बी० वाजपेयी : एक आशंका है जो संविधान में संशोधन करने के सम्बन्ध में प्रकट की गई है । आशंका बलवती है जिसका निराकरण करना चाहिये । बहुत से समाधान सीलिंग के सम्बन्ध में परिवर्तन करके कर दिये गये हैं मगर यह आश्वासन दिया जाना चाहिये कि सीलिंग के कानून का उपयोग इस तरह से नहीं किया जायेगा कि किसानों को उनकी इच्छा के विरुद्ध सहकारी खेती में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाय । यह आशंका व्यापक है कि कांग्रेस ने नागपुर के अधिवेशन में सहकारी खेती का निश्चय किया है। सहकारी खेती के सम्बन्ध में दो मत हैं और यह समझने का कोई कारण नहीं है कि सहकारी खेती लागू करते ही हमारी सारी भूमि सम्बन्धी समस्याएं, उत्पादन की समस्याएं हल हो जायेंगी । जिन लोगों ने सहकारी खेती लागू की है, उन कम्युनिस्ट देशों में भी खेती का अनुभव अच्छा नहीं है । यदि मैं स्पष्ट कहूं तो कम्युनिस्ट देशों का तरीका अपना कर हम अपने देश में न तो उत्पादन बढ़ा सकते हैं और न व्यक्ति की स्वाधीनता ही कायम रख सकते हैं। अगर कुछ किसान मिल कर काम करना चाहते हैं, मिलकर जोतना चाहते हैं, मिलकर सिंचाई का प्रबन्ध करना चाहते हैं, जो उपज है उसको मिलकर बेचना चाहते हैं, तो उसमें कोई आपत्ति नहीं हो सकती है । वे मिल कर काम करने के लिये स्वतन्त्र हैं और शासन उन्हें प्रोत्साहन दे सकता है । लेकिन यदि किसान नहीं चाहता कि उसकी भूमि सारे गांव की भूमि में मिला दी जाय, वह अपनी भूमि पर अपना स्वामित्व कायम रखना चाहता है, वह अपनी जमीन का मालिक बन कर रहना चाहता है और अपनी जमीन को जोतना और बोना चाहता है तथा मरने के बाद अपनी जमीन को अपने बेटों को दे कर जाना चाहता है, तो ऐसे किसान को जबर्दस्ती कोआपरेटिव फार्मिंग में शामिल होने के लिये मजबूर नहीं किया जाना चाहिये । यह आशंका है कि सरकार इस तरह की बात करने जा रही है और इस आशंका को दूर किया जाना चाहिये । केन्द्रीय सरकार को स्पष्ट घोषणा करनी चाहिये कि सहकारी खेती स्वेच्छा पर आधारित होगी । लोग जब चाहेंगे तभी मिल कर खेती करेंगे और तब ही सहकारी खेती लागू की जायेगी । सहकारी खेती लादी नहीं जायेगी । यदि लादी जायेगी तो वह सहकारी खेती नहीं होगी, सरकारी खेती होगी । लेकिन अगर कानून का उपयोग किया गया सहकारी खेती लादने के लिये, किसानों को उनकी भूमि से वंचित करने के लिए, तो संविधान में संशोधन करके लोगों के असन्तोष को आप रोक नहीं सकते हैं । ऐसा व्यापक आन्दोलन देश में खड़ा नहीं होगा जिसके सामने सरकार को जनमत का आदर करना पड़ेगा । लेकिन किसानों के मन में किसी तरह की कोई आशंका पैदा न होने दें, यह आशंका अब भी जोर पकड़ती जा रही है ।

इस कानून में, इस विधेयक में, गुजरात के एक ऐसे कानून को जोड़ा गया है जिसके अन्तर्गत किसी किसान की जमीन

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

सहकारी खेती में तबदील की जा सकती है और फिर वह किसान उस मामले को अदालत में नहीं ले जा सकेगा और न चुनौती ही दे सकेगा। हम उस कानून को इस विधेयक द्वारा संरक्षण दे रहे हैं। सीलिंग के सम्बन्ध में बने हुए कानूनों को—अगर कुछ राज्यों में सीलिंग कानून ऐसे हैं जिनसे आप चोर दरवाजे से सहकारी खेती लाना चाहते हैं—तो मेरा निवेदन है कि सहकारी खेती लाना है तो खुले दरवाजे से लाइये, चोर दरवाजे से नहीं। सहकारी खेती के सम्बन्ध में हम किसी कानून को संरक्षण नहीं दे सकते। क्योंकि सहकारी खेती एक ऐसा विषय है जिस पर व्यापक मतभेद है। और सरकार भी स्वीकार करेगी कि किसानों की इच्छा के विरुद्ध उन पर सहकारी खेती नहीं लादी जानी चाहिये। लेकिन हमने गुजरात के जिस कानून को संरक्षण दिया है उसमें यह व्यवस्था है कि किसानों की जमीन सहकारी समिति को स्थानान्तरित कर दी जाय और किसान अदालत का दरवाजा न खटखटा सके। सहकारी खेती लाने का एक तरीका यह भी हो सकता है कि जमीन का मालिक तो किसान ही बना रहे कागज में, कानून में, लेकिन जोतने के लिये वह जमीन सहकारी समिति के जिम्मे कर दी जाय। मैं समझता हूं कि यह तरीका ठीक नहीं होगा। इसलिये ऐसे कानून जो किसानों के मन में अपने भविष्य के प्रति आशंका पैदा करते हैं, उन कानूनों को भी अगर संरक्षण दिया जायगा तो फिर इस प्रचार को रोका नहीं जा सकता कि सरकार किसानों की जमीन छीनना चाहती है, किसानों को उसकी जमीन से वंचित करना चाहती है। मैं समझता हूं कि ऐसा सरकार का इरादा नहीं है और ऐसा सरकार को करने की इजाजत दी भी नहीं जायगी। । लेकिन जब आप ऐसा करना नहीं चाहते, आपकी घोषित नीति यह है कि किसानों को उनकी इच्छा से किसी भी खेती के प्रबन्ध में शामिल करें, तो फिर ऐसा कानून बनाने की क्या आवश्यकता है और उन कानूनों को संसद् के द्वारा संरक्षण दिलाना क्यों जरूरी होना चाहिये जो कानून किसानों के मन में यह भय पैदा करते हैं कि उनकी जमीन कभी छीन ली जायगी ?

महोदया, जो प्रश्न मैंने उठाये, उनका विधि मंत्री महोदय समाधानकारक उत्तर देंगे, इसकी मुझे आशा नहीं है क्योंकि वे तुले हुए हैं कि संविधान में संशोधन हो जाय और इसे जल्दी से जल्दी लागू करें। मैं संविधान में संशोधन का विरोधी नहीं हूं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो संविधान को पूजा की वस्तु मानते हैं और यह समझते हैं कि उसमें बदल नहीं होने चाहिये, उसमें परिवर्तन नहीं होने चाहिये। हम क्रांतिकारी काल में रह रहे हैं। सन् १९५० में जब संविधान बना, तब से परिस्थिति बदल रही है, जनता की भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। अगर अमेरिकी राजदूत के शब्दों में कहा जाय तो :

"We are witnessing a revolution of rising expectations."

लोगों की आशाएं, आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। उसकी तुलना में हमारी उपलब्धियां, हमारी पूर्तियां कम हैं और बढ़ती हुई आकांक्षाएं और हमारे किये गये कामों के बीच में जो खाई है वह अगर बढ़ती गई तो लोकतन्त्र के लिये ही खतरा नहीं पैदा होगा, इस देश के स्थायित्व के लिये भी खतरा पैदा हो जायगा। इसलिये सामाजिक न्याय देने के लिये, देश में ऐसी व्यवस्था लाने के लिये, जो शोषण पर आधारित न हो, पोषण पर आधारित हो, जिसमें हर व्यक्ति समान रूप से प्रगति कर सके, आवश्यक हो तो संविधान में संशोधन करना चाहिये। लेकिन संविधान में संशोधन का आवरण ले कर के ऐसे कानून को शामिल करना उचित नहीं है जिनकी वैधता को अभी तक चुनौती नहीं दी

गई और न जिन्हें किसी हाईकोर्ट ने या सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक अवैध घोषित किया है । यह परम्परा अच्छी नहीं है । अगर कोई राज्य सरकार या राज्य विधान सभा ऐसा कानून बनाती है जो संविधान की वर्तमान मर्यादाओं का अतिक्रमण करता है तो उस कानून को अदालतों में चुनौती दी जानी चाहिये और अगर अदालत उस कानून को रद कर दे तो विधान सभा को उस कानून में संशोधन करना चाहिये । हम अपवाद कर सकते हैं, मगर इस बात को नियम नहीं बना सकते कि राज्य विधान सभायें, राज्य सरकारें कोई भी कानून बनायें और यदि वे कानून संविधान की भावना के विपरीत जाते हैं और उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय उन कानूनों को रद करते हों, तो संसद् में आ करके हम कहें कि इन कानूनों को हमारा संरक्षण मिलना चाहिये और कांग्रेस पार्टी अपने बहुमत के दबाव के आधार पर ऐसा संरक्षण उन्हें प्रदान कर दे । आखिर हम एक संघीय पद्धति में रहते हैं जहां कानून बनाना विधान मंडलों का और संसद का कार्य है और कानून की व्याख्या करना न्यायपालिका का काम है । यदि हमने ऐसी प्रवृत्ति का पनपने दिया कि विधान सभाएं और संसद् चाहे जैसे कानून बनाये और फिर अदालतों का उन कानूनों की आलोचना करने का, उन कानूनों को अवैध घोषित करने का अधिकार हम सीमित कर दें इस तरह का संविधान में संशोधन ला करके, तो यह भारतीय गणराज्य के लिये बड़ा दुर्भाग्य का दिन होगा । अपवाद के लिये हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि कुछ कानूनों को संरक्षण दिया जाय क्योंकि भूमि सुधार रुक नहीं सकता. उसमें काफी देरी हो गई है । भूमि सुधारों में मुझे शक है कि राज्य सरकारें भूमि सुधार लागू करने में ईमानदार भी है या नहीं । सीलिंग का कानून तब बनाया गया जब लोगों ने अपनी सारी जमीन घर वालों में बांट दी । सीलिंग का कानून लागू करने का जो उद्देश्य है वह यह है कि जो फालतू जमीन बचे वह ऐसे लोगों को दी जाय जो बेजमीन हैं । जिनके पास मेहनत तो है मगर मेहनत के अलावा साधन नहीं है, वे जमीन के मालिक बनें और वे उत्पादन की प्रगति में योग दें, हम यह चाहते थे । मगर सीलिंग कानून बने तो देर से बने और इस ढंग से बने कि फालतू जमीन बचे ही नहीं । सारी जमीन घर वालों में बांट दी गई । खैर, मैं उसका विरोधी नहीं हूं, बांट दी गई तो भी इकट्ठे हाथ में नहीं रही । लेकिन जो जमीन सरकार के पास है, राज्य सरकारों के पास है, केन्द्रीय सरकार के पास पड़ती जमीन पड़ी है, खेती के लिये जिस जमीन को उपयोगी बनाया जा सकता है, भूमिहीनों को जिस जमीन का मालिक बनाया जा सकता है, उस जमीन को खेती के योग्य बना करके भूमिहीनों में वितरित करने के लिये राज्य सरकारों ने क्या किया है ? हमारे विधि मंत्री कहेंगे कि इस प्रश्न का उनके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है । बात ठीक है । यह कानून का सवाल नहीं है । लेकिन राज्य और केन्द्रीय सरकारें जो भूमि सुधारों का ढोल पीटती हैं और भूमि सुधारों के नाम पर संविधान में संशोधन किया जाय इस बात पर भी बल देती हैं, तो राज्य सरकारों से और केन्द्रीय सरकार से पूछा जाना चाहिये कि जो पड़ती जमीन पड़ी है, जो जमीन उपजाऊ बनाई जा सकती है, उस जमीन को उपजाऊ बना करके भूमि हीनों में बांटने के लिये उन्होंने अभी तक क्या कदम उठाये । इस सम्बन्ध में राज्य सरकारों का जो काम है वह सन्तोषप्रद नहीं है । केन्द्रीय सरकार भी जो केन्द्र प्रशासित क्षेत्र हैं उन क्षेत्रों में इस सम्बन्ध में क्रांतिकारी नीति नहीं अपना सकी हैं । नतीजा यह हो रहा है कि भूमि की भूख बनी हुई है और उत्पादन की वृद्धि के लिये किसानों को, मजदूरों को जितना प्रोत्साहन मिलना चाहिये, उतना प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है ।

[श्री ए० बी० वाजपेयी]

मैं आशा करता हूं कि मैंने जो सुझाव दिये हैं, केन्द्रीय सरकार उन पर गम्भीरता से विचार करेगी और अगर इस विधेयक में उन सुझावों को शामिल करना संभव न हो तो भी नीति के तौर पर यह स्पष्ट रूप से घोषित करे :

(१) किसी भी किसान को उसकी इच्छा के खिलाफ सहकारी खेती में शामिल करने के लिये विवश नहीं किया जायेगा ।

(२) भूमि की अधिकतम मर्यादा के जो कानून राज्यों में बन चुके हैं, सीलिंग के कानून बन चुके हैं, दस, पन्द्रह आने वाले वर्षों में उन कानूनों में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायगा ।

इससे किसानों में विश्वास पैदा होगा कि उनकी जमीन छीनी नहीं जायेगी और भूमि सुधारों के द्वारा सामाजिक न्याय और उत्पादन वृद्धि के हम जो दो उद्देश्य प्राप्त करना चाहते हैं उनको प्राप्त करने में सहायता मिलेगी । धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The lunch hour is cancelled. Even so, there are 18 more names here before me. The Minister will reply at 3-30 P.M. So, I request the Members not to exceed ten minutes each.

DR. S. CHANDRASEKHAR (Madras): Madam Deputy Chairman, I rise to support this Bill before the House. I shall not take very many minutes excepting to answer four or five objections raised by the Opposition. I need not repeat the need for this Bill before the House after the lucid and brief introductory remarks made by the hon. Minister. We are dedicated to the pursuit of a society based on social justice, with reduced economic inequalities and of promoting a socialistic pattern of society eventually within the framework of democratic, parliamentary, representative, political institutions. **And** in. **the'** light of this ideal, it is obvious that a large segment of the population, namely, the millions who work on the land, has never received a fair deal and therefore it is incombent and imperative that the Government should pursue the idea of giving them a fair return and that it should provide land for the landless, that is for those who actually till the soil. Therefore, the question of putting a ceiling on land-ownership has been pursued and the people who really have rights to land, in the sense of working on it, should be protected. Obviously, the situation has come in conflict with the fundamental rights in the Constitution in the light of certain strictures from the Supreme Court.

This amendment has been brought forward to make the State land ceiling legislation acceptable. A complicating factor has been the reorganisation of the States and the different patterns of land systems in several parts of this country. And, therefore, in this measure I even see an effort at evolving an integrated and uniform pattern of justice to the largest segment of the working population of this country—the agriculturists.

The first objection especially from the Swatantra Party—I think the hon. Members opposing it are not there— is that the Government seems to be in great haste, unholy haste to amend the Constitution. The Government seems to be in a mad rush when other means are easily available to achieve the desired ends, they say. The answer is very simple. Our Constitution is not something permanent, sacrosanct and immutable, lasting for ever. After all, the Constitution is made by man and it should serve the ends of man and not the other way round.

It is true, Madam, that we have been amending the Constitution very frequently. It is pointed out that in

the United States eighteen amendments to the Constitution have taken them. 200 years whereas we have had as many amendments in the course of 17 years. The answer is very simple. Our needs, our demands of social justice and economic amelioration of the people of this country have demanded that these amendments have to be undertaken and, therefore, 1 do not think that we are really treating the Constitution with scant respect as the Opposition has made out. 1 do not think we ought to take the objection seriously that we are amending the Constitution according to our whims and fancies. The amendment is necessary because there is need for it and we are driven to do it because the objectives have to be achieved. Therefore, we ought not to attach any great importance to this objection much as we like to really respect our Constitution.

Secondly, jt is said that this is bypassing the Supreme Court of the country. With all respect to the law courts of this country, it must be pointed out that this amendment is not really negativing, by passing or stultifying the legislation or the directives of the Supreme Court. On the contrary, I think we are respecting the Supreme Court by attempting to remove certain mistakes that we have committed in the light of the strictures passed by the Supreme Court. And, therefore, in one sense we are bowing to the decision of the Supreme Court and not bypassing, or stultifying or, shall we say, super-arrogating to ourselves the duties of the Supreme Court and the High Courts. And, therefore, even here, I should consider, the objections raised particularly by Prof. Ruthnaswamy, for whose erudition in constitutional law I have the greatest respect, do hot hold any water. On the contrary, we have said that we do abide by and respect the decisions and interpretations of the courts, whether it is a High Court or the Supreme Court, in view of the fact that we have acknowledged that we have made certain mistakes and through this provision we are'Trying to amend the Constitution and rectifying the mistakes.

Again, Prof. Ruthnaswamy said that we are attacking the very fundamental rights guaranteed to the citizens by the Constitution. Sir, this is a grave charge. I do realise that property is a very important right. Property is a great, social institution. Property confers personality to a man. Through the centuries, property has been conditioned, dominated, guided and controlled by countless human usages, traditions, customs, and laws evolved by various societies. And, therefore, while it is a fundamental right, there is no case made here whatsoever that it is being taken away at all. All that we are doing now is we are controlling it, we ar$_e$ guiding it in a different direction and we are making it go in a particular way to conform to the directive principles of the Constitution and, therefore, we are not taking it away. We might remember that there is the provision of compensation being paid at market rates for the land that might be taken away by this amendment. Therefore, the people who say that we have laid an axe upon the roots of our fundamental rights guaranteed in the Constitution are difficult for me to follow.

Sir, property in a social, and in a wider sense, is a cultural institution. Through the history of mankind property has not been taken as an isolated and abstract institution untouched by human needs and this we have sought to do based on certain compelling reasons, namely that we do want to achieve the greater objective, of better economic equality between the various sections of the population.

Lastly, Sir, the people have been saying that it is expropriatory. 1 could not follow Mr. Dahyabhai Patel when he said yesterday that this was a very serious matter and this might lead to something more serious. *I* fail to see in this amendment anything

. [Dr. S. Chandra Sekhar.] that threatens such a grave jeopardy of our way of life. In fact, the other way round, it is to promote -stability, to guarantee amenities and necessities to a very large segment of the population of our country that this amendment will be of help. By this amendment we are really guaranteeing a certain continuity, a stability *to the backbone of our population. We shall provide an incentive, we shall confer the pride of ownership, of owning the soil and contribute to the perennial problem of feeding the nation and producing more food from the land.

Whereas people have been contending that all the land legislations passed hitherto have not really contributed to the overall agricultural production of the country, I maintain that this amendment will enable the States to transfer land to the landless. It will be a major contributing factor in solving the perpetual problem of hunger in India and promoting more food production so that we may not go every year abroad with a beggar's bowl asking for more food.

Again, Sir, coming to Prof. Ruthna-swamy's speech yesterday, at the end of his speech he said that this is the thin end of the wedge, this is laying an axe at the very root of our free - way of life. I do not know what exactly he meant by this. He probably had" vague ideas as the Swatantra Party has been insisting in the press, outside this House as well as the Members who spoke in this House, that this amendment is thin end of the wedge. It would mean slowly co-operative farming and eventually collectivisation of land and the •dreaded Communist way of life engulfing this country and its 460 odd millions. If this were the contention or the fear implied in Mr. Ruthna-swamy's speech yesterday, I would like to say that if there is this possibility of an alien undesirable ideology engulfing the millions of this country, then it is exactly the reason why we ought to make our standards of social justice a little higher, a little better. In fact, we want this legislation to be interpreted in that way, in the sense that we are trying to prevent the red menace coming to this country. Therefore, instead of saying that this legislation is really attacking our free way of life, I should like to point out that this legislation will enable a very large segment, in fact the overwhelming majority of the people to possess some rights on the land, to enjoy the fruits thereof, to have an incentive in working it and to contribute to the stability and continuity of the traditions of our culture and economy. It is a pity that Professor Ruthna-swamy is not here because, I think, yesterday he took great pains to refer to this matter. Nothing will prevent, except this amendment, that kind of thing happening. I like to envisage that by such an amendment as this, we may fulfil our dream of a better life, a richer life, a happier life, a life of better economic equality and better distribution of the goods and services to every segment of the population, so that we may realise our avowed objectives by making this a greater, a more stable and happier country. Above and beyond this, through this amendment we may even ensure the possibility of ensuring peace in our countryside. If wars cannot be banished for ever, let us at least try and see that in our generation peace becomes a reality. Madam Deputy Chairman, it may seem that I am making a far-fetched claim for this, but if we look at it in its proper perspective, there is no reason whatsoever to think that our free Indian way of life is collapsing because we are passing this amendment to the Constitution. On the contrary, for the reasons just adduced, I think we will be achieving exactly the opposite, and therefore I have great pleasure in supporting this amendment to the Constitution.

श्री गोडे मुराहरि : मैडम डिप्टी चेयरमन, हमारे सामने यह जो संविधान में संशोधन करने का बिल आया है इस का

बुनियादी तौर से तो मैं समर्थन करूंगा लेकिन कुछ शंकायें उठती हैं, जिस के बारे में भी मैं यहां जिक्र करना चाहूंगा। अगर एक समाजवादी सरकार, अगर एक सरकार जो हिन्दुस्तान में एक समाजवादी समाज की व्यवस्था करती अगर ऐसी सरकार यह बिल लाती तो मेरे मन में इस तरह की शंका न उठती लेकिन जब ऐसी सरकार पूंजीवाद को कायम रखना चाहती है और जो अर्थ व्यवस्था में मिक्स्ड इकानामी चलाना चाहती है वह जब इस तरह के बिल लाती है तो कुछ शंकायें भी होती हैं और दाल में कुछ काला नजर आता है। और इस के लिये कुछ आधार भी है। मैं आप का ध्यान उन ऐक्टों की तरफ खींचना चाहूंगा जिन के अन्तर्गत कुछ किसानों को, जो छोटे किसान हैं, जिन के पास बड़ी जमीन नहीं है उन को अपनी जमीन को छोड़ना पड़ा इसलिये कि वहां पर कोई बड़ी फैक्टरी बसाई जा रही थी। उन को जमीनें इसलिये छोड़नी पड़ीं क्योंकि एक बहुत बड़ा शहर बसाया जा रहा है। अभी आप को याद होगा, गाजियाबाद से कितने किसान यहां आए, दस दिन वे यहां पड़े रहे, उन के पास कोई बड़ी जमीन नहीं थी। इस बिल के अन्तर्गत जो दूसरे ऐक्ट्स को संरक्षण दिया जा रहा है उन्हीं में से एक के जरिये उन को बेदखल किया गया और उन को कम्पेन्सेशन भी इतना कम दिया गया है कि कोई न्याय या कोई किसानों की भलाई के लिये यह चीज की जा रही है ऐसा नजर नहीं आता। जब इस तरह के ऐक्टों को इस में शामिल कर के यह सरकार इस ढंग की चीजें करती है, ऐसा बिल हमारे सामने लाती है तो फिर कुछ शंकायें पैदा हो जाती हैं। हमें ऐसा लगता है कि शायद इस बिल का इस्तेमाल गलत ढंग से होगा। मैं इस बिल का इसलिये समर्थन करता हूं क्योंकि कोई भी समाजवादी ऐसा नहीं होगा जो निजी सम्पत्ति का संरक्षण करना चाहे--चाहे वह जमीन का हो चाहे और किसी चीज का हो। लेकिन हमारे मन में जो शंकायें उठती हैं उस से हम को लगता है कि शायद इस बिल का कोई गलत इस्तेमाल भी हो सकता है क्योंकि कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी ने यह तो नारा दिया है कि हम कोआपरेटिव फार्मिंग लाने वाले हैं किन्तु अब तक कहीं कोआपरेटिव फार्मिंग इस देश में बनी नहीं है जब कि वह नारा लगाते कई साल हो गए हैं। हम जानना चाहेंगे कि कहां तक इस संबंध में प्रगति हुई है।

वाजपेयी जी कहते हैं कि एक चोर दरवाजे से कोआपरेटिव फार्मिंग लाना चाहते हैं। मैं उन से इत्तिफाक नहीं करता। मैं समझता हूं कि वे गलत बोल रहे हैं, क्योंकि इस सरकार के जहन में कभी यह मन्शा नहीं है कि वह कोआपरेटिव फार्मिंग करे। वह नहीं करना चाहते हैं। इस बिल को उस के लिये इस्तेमाल किया जायेगा। मेरी तो यह निश्चित राय है कि यह बिल पास होने के बाद भी कोआपरेटिव फार्मिंग या किसी और चीज को करने में इस बिल का इस्तेमाल नहीं होगा। इस बिल का इस्तेमाल वहां होगा जहां पर कल कारखाने बसाना चाहेंगे, जहां पर बड़े बड़े महानगर बसाना चाहेंगे, जहां बड़ी बड़ी फैक्टरियां बसाने के लिये किसानों को बेदखल करना चाहेंगे ऐसी जगहों में इस एक्ट का इस्तेमाल जरूर करेंगे। इसलिये मेरी आशंका है और यही कारण है कि मुझे पूरे तौर से, पूरे दिल से इस का समर्थन करने में कुछ कठिनाई हो रही है। फिर भी मैं यह जरूर चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में एक ऐसी व्यवस्था हो जहां पर किसान जो अपनी जमीन को जोतता है उसी किसान का उस पर अधिकार हो। मैं यह नहीं चाहता कि कोई आदमी जमीन रखे और शहर में बसा रहे और उस जमीन को जोतने वाले का कोई अधिकार उस जमीन पर न हो। इस बिल के अन्दर उस की कैसे पूर्ति होगी मेरी समझ में नहीं आता।

[श्री गोडे मुराहरि]

इस में एक प्राविजन है कि सीलिंग तक जो जमीन है उस में अगर इस बिल का इस्तेमाल किया गया तो फिर इस का उचित कम्पेन्सेशन दिया जायगा, मार्केट प्राइस पर कम्पेन्सेशन दिया जायेगा। यह मार्केट वैल्यू कौन तय करने वाले हैं ? मुझे मालूम है, जब गाजियाबाद का मामला सामने आया तो मार्केट वैल्यू तय करने में कई साल लगे, कई दिन बातचीत चली। एक हमारे डिप्टी मिनिस्टर आफ एग्रीकल्चर भी बहा गए इम्क्वायरी के लिये लेकिन जो तय हुआ वह मार्केट वैल्यू तो क्या वह तो सब-वैल्यू भी नहीं थी। जब छोटे किसानों का मामला होता है तो उस में इस ढंग की कार्यवाही होती है लेकिन जब बड़े बड़े जमींदार या और किसी की जमीन लेंगे तो फिर मुझे पूरा विश्वास है यह सरकार जब उस को कम्पेन्सेशन देना तय करेगी तो फिर मार्केट वैल्यू भी देगी या उस से कुछ और ज्यादा भी देगी। तो इसलिये एक शंका होती है कि यह सरकार हिन्दुस्तान में समाजवाद का नारा तो देती है लेकिन वह कायम रखना चाहती है उस व्यवस्था को जो आजकल है। कभी कभी यह शंका होती है कि स्टेट सरकार को इस तरह का अधिकार दिया जाय या नहीं।

लेकिन फिर भी इस बिल का इस्तेमाल जब होगा तो मैं चाहूंगा कि इन बातों के ऊपर ध्यान रखें और इस की कोशिश हो कि हिन्दुस्तान की जो जमीन है उस में एक "रीडिस्ट्रीब्यूशन आफ लैन्ड" हो ताकि जो जोतने वाला है उस को जमीन के ऊपर अधिकार प्राप्त हो और मैं यह भी चाहूंगा कि जो भी आज कल सीलिंग के नाम पर जमीन का एक ऐक्ट बनाया गया है उस में जो बटवारा हुआ है उस के ऊपर सरकार की एक कमेटी बिठाई जाय और वह यह देखे कि कौन कौन से जमींदार के पास कहां कहां कितनी जमीन थी और उस जमींदार की जो सीलिंग से ज्यादा जमीन थी उस का क्या हुआ, यानी जो ऐक्ट्स स्टेट्स में पास हुए होंगे सीलिंग के एक्ट, उस के पांच साल पहले या दस साल पहले उस आदमी के पास कितनी जमीन रही है और पांच साल के अन्दर या दस साल के अन्दर उस ने उस जमीन का क्या किया है और किस ने उस जमीन का बटवारा किया है क्योंकि उस में यह पता लगेगा कि नजदीक के रिश्तेदार या नौकर चाकर जो हैं, जिन का उस जमीन में कोई मालिक नहीं, उन के नाम से जमीन का वितरण किया गया है या नहीं और इस ढंग से होगी वितरण के ऊपर सरकार का ध्यान जाना चाहिये। और यह सारे मामले को देख कर जो बोने वाला है, जोतने वाला है, उस किसान को जमीन मिले तब तो इस का कुछ मतलब निकलता है कि इस बिल का इस्तेमाल सही ढंग से होने जा रहा है। वैसी जो जमीन होगी उस को सरकार ले ले और फिर उसका पुनः वितरण करे।

•

और मैं यह भी चाहूंगा कि इस दौरान में इस बिल का इंतजाम इस गलत ढंग से न हो कि हमारे देश की जमीन का जो मामला है वह जैसे का तैसा रह जाय। अगर आप जमीन का कोई पुनः वितरण करना चाहते हैं और आप का एक लैंड रिफार्म्स बिल लाने का उद्देश्य है तो फिर मैं यह चाहूंगा कि उस सारे लैंड रिफार्म्स का स्वरूप भी हमारे सामने आए और हमें मालूम हो कि सरकार इस बारे में क्या करने वाली है।

अब तक सारे स्टेट्स में जो बिल पास हो चुके हैं उन सब को इस ऐक्ट में जोड़ा जा रहा है और संविधान के अन्तर्गत उन को संरक्षण दिया जा रहा है। मैं तो यह चाहता हूं कि जिस तरह से इस समय संविधान में संशोधन हुआ है उसी तरह से जो जमीन की व्यवस्था है उस के लिये भी एक नये वितरण की व्यवस्था की जाती और एक नई दिशा उस को दी जाती। जिस चीज के

लिए यह बिल हमारे सामने लाया गया है उसका हार्दिक समर्थन करने में मुझे कठिनाई अनुभव होती है और मैं उस का पूरा पूरा समर्थन नहीं कर सकता हूं। क्योंकि मैंने १७ सालों से देख लिया है कि यह सरकार छोटे किसानों की भलाई करना नहीं चाहती। वह तो केवल बाहरी दिखलाव के लिए इस तरह का बिल लाई है और इसके लिये दलील देती है कि हम किसानों की भलाई के लिए यह बिल लाये हैं। अगर वह सच मुच किसानों की भलाई चाहती है तो उस के लिए वह दूसरा बिल लाये जिस से उन को सच्चे मायनों में फायदा पहुंचे।

SHRI BABUBHAI M. CHINAI (Maharashtra): Madam Deputy Chairman, the Constitution (Seventeenth Amendment) Bill is now before us and this special session of Parliament has been called for this purpose. This measure has already been adopted by the Lok Sabha. The present session of the two Houses has acquired a poignancy due to the departure of our great and beloved leader Shri Jawaharlal Nehru. His interest in the proposed amendment is very well known, and the acceptance of this amendment would be a humble tribute and a due homage to the spirit of Shri Jawaharlal Nehru who had ever fought for reform and democratic change. He also wanted us to understand the implications of a Bill of this kind and its relations with other things. It is in this light that I wish to present my observations.

The Bill seeks to amend article 31A of the Constitution. It will be recalled that article 31A was introduced by the first amendment to the Constitution, in 1951. Article 31A states that no court of law can go into the question whether a Fundamental Right was being offended, so long it is said that it is being taken away in any other form than landed property. And estate was defined as including *jagir, inam, muafi* or other similar land. In other words, it took away the protection against the taking away of samindari. The proposed amendment to the Constitution says that the rights acquired by the intermediary in respect of land were also nonjusticiable. The present proposal is further to amend the definition of "estate" in article 31A of the Constitution to include land right under ryotwari settlement and also other lands in respect of which provisions are normally made in land reforms enacted, and also to include all land let for purposes of agriculture and for purposes ancillary thereto, including waste land, forest land, pasture land, sites for buildings and other structures occupied by cultivators and agricultural labourers, village artisans and so on.

The provocation for the present Bill is the Kerala Agrarian Relations Act of 1961. This Act was struck down by the Supreme Court in its application to ryotwari land transferred from the State of Madras to Kerala. The Act was further struck down by the High Court of Kerala in its application to land and estates in Malabar and Travancore. It was held that the Act violated articles 14, 19 and 31 of the Constitution and that the protection of article 31 of the Constitution was not available to these lands as they were not "estates".

> (3) by hired labour or by servant on wages payable in cash or kind (but not crop share) under the personal supervision of himself or any member of his family."

Sir, you will find that this definition is very vague. May I ask what would be the definition of 'to cultivate'? The definition of 'to cultivate' should be that a man must cultivate the land personally by his own hands and not through labour or under his personal supervision. However, there are many such funny and silly definitions in these Acts.

As I come from Maharashtra, I will quote what the Maharashtra State Government have decided while fixing the ceiling. In my opinion, there is no principle in it. They ought to have taken into consideration that—

> (1) the revenue assessment of the ceiling area should have been equal or approximately equal;

(2) the money value of the ceiling area should have been equal or approximately equal;

(3) the production from the ceiling area should have been equal or approximately equal;

(4) the gross income from the ceiling area should have been equal or approximately equal.

But you will find that while fixing up the ceiling area, and the amount of ceiling area, the minimum revenue rate at some places is Rs. 594 and the assessment of ceiling area at maximum revenue rate is Rs. 1,650. It further reveals that instead of equal land revenue getting equal acreage as ceiling area, the Act has given unequal land revenue to fix ceiling area. It is apparent therefore that the classification of the lands under that Act is in total disregard of any fair, just and equal basis even in respect of land revenue.

In continuation of the above, for a picture of higher and lower money values of ceiling areas in the Maharashtra State, I may say that the ceiling area money value at lower revenue rate is from Rs. 831 ■ 50 and the ceiling area money value at higher revenue rate is Rs. 99,000. Where the land approximately is of the same quality, the difference in the ceiling area should have been just the same. The ceiling areas in Thana, Kolaba and Ratnagiri Districts are 66 acres uniformly while in Chanda District it varies from 108 acres to 198 acres and in Bhandara District it varies from 108 acres to 114 acres. The same is the case for fixing compensation.

Further, I want to suggest that it is no use introducing land reform measures unless they are going to be implemented properly. The crux of the matter is that on the on$_e$ hand, millions of tenants and landless labourers do not get any land to cultivate and on the other, there are persons having a large acreage in their possession. There is poverty and jnemoloyment in rural areas. They are half-fed, half-naked. They are treated a$_s$ slaves. They have not seen the rising sun of independence. They are leading a miserable life. Sir, the Government, therefore, should come forward with the necessary powers to carry out a bold and swift programme of land revenue. After the passing of the measure, they should not be found fumbling.

Lastly, a word which may or may not relate to this Bill. It is a fact that there is considerable Government wasteland available in the country. If we want to get land for the poor and the landless, Government should take necessary precautions to see that this land is at least, to begin with, distributed among the landless and the down-trodden poor people immediately, as early as possible. This demand is being made in this House as well as in the Lok Sabha for years together. Such land is something like 125 million acres of land. If it is done, it will be a great help to the downtrodden. With these words, I conclude.

SHRI NAFISUL HASAN (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the motion which is under the consideration of the House. To my mind, this amending Bill contains nothing new. As a matter of fact, this is meant to remove the technical hindrance which has come before us and which is going to prevent us from implementing the land reforms policy, a policy initiated even before the country attained freedom, a policy which is accepted not only in the Preamble of the Constitution but also in the Directive Principles of the Constitution, a policy which has been accepted by the country during the last so many elections. The question of land reforms was prominently raised during all the general elections. What are the steps that have been taken or the implementation of that policy?

Sir, we started with the abolition of zamindari. Intermediaries were taken away. There was to be direct rela-

[Shri Naflsul Hasan.] tion between the Government and the tiller of the soil. We find that the question of adequacy of compensation was dealt with under the Constitution amending Bill, and it was accepted by Parliament also that as far as the question of compensation was concerned, the court's jurisdiction was to be taken away and the Government should decide what compensation would be adequate. After that there were two other amendments which brought in article 31(a). And it was •clearly laid down that the question of compensation for the lands, for the estates acquired, in order to implement land reforms will also not go before the courts of law. Now, Sir, the intentions of those who made amendments were absolutely clear. Unfortunately, the definition of the word "estate" was such that when the question went before the Supreme Court and the High Courts, they held that certain lands were not to be included according to this definition. Re-organisation of State also led to certain confusion because according to the definition, as it was originally contained in the Constitution, estate was to be considered in different ways according to the definition given to it by the land reforms Acts in the different States. And on account of the re-organisation certain parts of land, which originally were governed by the Acts of a particular State, went over to other States where there was a different definition.

Anyway, Sir, it is contended by the Swatantra Party that by passing this amendment, w_e are showing disrespect to the Supreme Court. I submit. Sir, that we are, on the other hand, showing the greatest respect to th_e Supreme Court. Here we are expected to make laws whereas they are there to interpret them. We are going fully to accept their interpretation. We bow our beads to them as far as their (functions are concerned. Whereas we believe that they are there to interpret, on the well known rule of interpretation that the Legislature will be presumed to mean what it said and said what it meant. Now, it is quite open to us to include all agricultural lands under the definition of 'estate'. Therefore, having full respect for their views, we are making our intention absolutely clear.

Now, Sir, all the opposition to this Bill comes from the Swatantra Party. I was wondering what was there to oppose it. All the principles had been accepted already. It is only a lacuna that has arisen on account of the interpretation of the Supreme Court that we are bringing forward this amendment. And, you see, Sir, there was such a huge propaganda against this Bill. There were meetings and so many representations. I was on the Joint Select Committee. I do not know how many representations were there.

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa): That shows how many people in this country are against this measure.

SHRI NAFISUL HASAN: I know the machine of the Swatantra Party was very active. All the means of propaganda were applied but the whole ground, they will find, of their propaganda fell when it was found that from the Select Committee the Bill came in a form which showed that

ill consideration had been given a3 far as the interest of small tenants is concerned.

A new proviso has been added which clearly shows that if any person is in possession of land, no law will be valid to acquire the land which is within the ceiling unless there is provision for making payment of full compensation at market rates. Therefore, thair propaganda that the small tenant and everybody is going to be affected has absolutely no force.

There is one other objection that by including all these Acts, this is a sort of blanket deal. A_s a matter of fact, the Select Committee has scrutinised all these Acts and they have taken out quite a number of them. Moreover, there is one other point and

that is this. It is not absolutely-necessary to include these Acts in the Schedule because our whole purpose is served by the changed definition of 'estate'. But in order to make ourselves doubly sure, these Acts are being mentioned in the Schedule. The immunity which is given to these Acts is that they will be immune only insofar as the provisions thereof are inconsistent with the Fundamental Rights. If there is any other defect, supposing they suffer from the defects in the power of their Legislatures to make that law, or for certain other reason, then in that case, even their inclusion in the Schedule will not cure that illegality. They will be valid only to the extent that their provisions are inconsistent with particular Fundamental Rights, and therefore I submit that even if they had not been included in the Schedule—these Acts —the definition of 'estate' would have saved all those enactments.

Just one word more. In their propaganda against this Bill, Shri Dahyabhai Patel, the Leader of the Opposition, said the other day that the Government was only a temporary one, a caretaker Government and so we should not proceed with this Bill. Earlier also, I remember, on a day -we met after the demise of our late lamented Prime Minister, a suggestion was made, not only in this House by the Leader of the iSwatantra Party, but also in the other House, that we should not do any other business.

SHRI S. S. MARISWAMY (Madras): What is wrong with it?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): It is time to wind up, Mr. Nafisul Hasan.

SHRI NAFISUL HASAN: I am winding up in one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): You said, 'one word more'. Now you want one minute; the position goes on changing.

338 RSD—4.

SHRI NAFISUL HASAN: All right, Sir. If you do not allow me, I have to close down; I shall sit down.

SHRI C. K. GOVINDAN NAIR (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, today we are attempting at last to fulfil and to implement certain promises and pledges which we gave to ourselves. As things stand, any reform—be it social, economic or agrarian—ig bound to cause some loss to a few, and some privileges enjoyed by a few have to be distributed among the many, and specially when it relates to land, it is a valuable right, and the position in India becomes rather worse on account of certain things. In our Constitution, we have guaranteed Fundamental Rights. At the same time, we have the Directive Principles also, the intentions of which are mainly to create a society which is more or less equal. But at the same time, there are the courts of India, which have been established long before the establishment of the Constitution, which have been working under a different system for a long number of years and which, as all courts of law, naturally, are conservative in outlook; courts of law are generally conservative in outlook. So, what we find when we try to implement the principles underlying the Indian Constitution is a conflict. On the one hand, the courts are there. Whatever might have been the intentions of the courts, the general feeling among the laymen is that the courts are sitting as a sort of appellate authority over the decisions and enactments made by this Parliament. Whatever that might be, the result with regard to land reforms has been always very unhappy. Several laws were passed by the State Legislatures, which were struck down very often by the courts of law.

Sir, reference has beem made to Kerala by several Members of this House. I do not want to go into the merits of the two or three legislations by different Governments in Kerala, whether one legislation is more beneficial to the tiller of the soil, or the other legislation is less beneficial to

[Shri C. K. Govindan Nair.] tnem. That apart, the general intention was to have a better distribution of land with certain modifications in the present system. What happened, unfortunately, in Kerala—was it happened throughout India in some courts —was that systems which were very similar to ryotwari were held to fall within the term 'estate' while in some cases the courts in some States held that they did not come within the term 'estate', and the position in Kerala became rather very peculiar due to the decisions of the courts. After the passing of the Agrarian Relations Act, 1960, two or three cases went up to the High Court. In certain cases it was held that 'ryotwari' did not come under the term 'estate'. As was pointed out by some hon. Members yesterday, the ryotwari system is claimed to be much more ancient than even the British Government. It is even said that it was established by Manu. Simply because a system happens to be very ancient, it does not become very sacred. Very many things which were considered sacred, and Which were traditionally supposed to have been established by Manu, have been given the go-by in India, and it has been given the goby by the Indian Legislatures; nobody questioned then the character of those legislations because they were ancient. Whether it was established by Manu or Monroe or anybody else, we have to change the system. We have come to

■>t stage. So then, in certain parts of the old Madras Province, in South Canara, it was held that this Act would not apply and the Act was struck down, because they said it was under 'ryotwari'. Unfortunately, a very curious thing happened in Malabar also. The Malabar *janmi* is supposed to have the most superior right in land. Even under the Tenancy Act passed by the Madras Legislature, he was described as having the most superior proprietary rights in land. No *janmi* of Malabar would ever say that he had at any time any right which was less than that of the Government; he claimed even greater rights than the Government; the ancient documents also show that. Even the courts, I remember, have given certain decisions which said that the Government had absolutely no right over the land of these *janmis* What happened after the passing of this Agrarian Reforms Act and after the judgment of the Supreme Court was that the whole scheme was amended and certain amendments were made in the plaint and it was said that even the *janmam* right was only ryotwari right. That is to say the position was changed. It depended upon a very funny thing. After the settlements in Malabar, of 1900 to 1905, 1930 to 1933, unfortunately what appears on the printed pages of these papers i$_s$ the letter "R" in Malayalam. This letter "R" means—and that is the interpretation of the Court and I am not blaming the Court—the High Court Judges held that "R' meant "ryotwari". *Janmam* was given the go-by, to the most agreeable surprise of even the *janmis.* The *janmi* always said that he had the most superior possessory right over the land in his possession, whether it be with the tenant or whether it be with himseH. But he found to his great surprise that for the purpose of defeating the provisions of this Act, it was held that he was also a ryotwari holder, so much so that he did not come under the provisions of the said Act. That is to say, he does not come under the definition of "estate". Therefore there was a stalemate. Naturally it was a stalemate. Well, there may be difference of opinion with regard to the various sections of the Act. Whatever it be, another Government came into power and they also, almost on the same lines, passed a certain legislation and that legislation has now been included in this amending Bill, and so we have now the position that all these Acts would be put on the permanent list of enactments which cannot be questioned in a court of law.

Now, very much has been said about -Fundamental Rights, about the ancient character of these tenancies and **all** that. Well, I would like thi$_s$ House to

consider the nature of Fundamental Rights or the eternal rights. What are these fundamental, these eternal rights? Are there any eternal rights in the world? "We are living in a changing world, and these Fundamental Rights, for whose benefit are they? Surely they are not there for the benefit of a few. They are there for the benefit of the people of the land, of the people who framed the Constitution and gave it to themselves and] to the country. Certainly, I say Fundamental Rights are for those people who made the Constitution and gave it to themselves, to the people of India. You cannot ignore the people of India in the name of the Fundamental Rights. The Fundamental Right has to go to the wall, and if they do not go to the wall, under a process of law, some other things will happen which should be avoided. Thank you.

श्री देवी सिंह (राजस्थान) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, आज हमारे सदन के सामने जो संशोधन पेश हुआ है यह एक बहुत ही महत्व का है जो कि हमारे देश के एक बहुत बड़े वर्ग को अफैक्ट करेगा । हमारे कांग्रेस के माननीय सदस्यों ने इस विधेयक पर बोलते हुए उसके बारे में बहुत गुण बतलाये । उन्होंने कहा कि यह किसानों के अन्दर इन्कलाब लायेगा, देश के अन्दर ज्यादा उत्पादन करेगा, देश में जो छोटे छोटे खेत हैं, उन्हें सरकारी खेती में दे दिया जायेगा जिस की बड़ी तरक्की होगी । जो सरप्लस जमीन है वह दूसरों के पास चली जायेगी और मिडिलमैन नहीं रहेंगे ।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरी समझ में यह बात नहीं आ रही है कि आज जो मिडिलमैन का क्वैश्चन लाया जाता है, वह कहां से आ गये ? जमींदारी और जागीरदारी बिल पास होने के बाद इन सब लोगों का अंत हो गया है और इसके बाद अब मिडिलमैन कहां रहे ? परन्तु आज भी हमारे कांग्रेसी भाइयों के ख्वाब में भूत ही नजर आ रहा है और उसकी आड़ में दूसरी दूसरी चीजें करने जा रहे हैं । हमारे भाई उत्पादन के बारे में भी बात करते हैं कि कोआपरेटिव फार्मिंग से उत्पादन बहुत ज्यादा बढ़ जायेगा । अब आप ही देखिये कि चीन और रूस में कोआपरेटिव फार्मिंग किया गया तो क्या वहां पर अब भी अनाज की कमी नहीं है । आज इन मुल्कों को भी दूसरे देशों से अनाज लाना पड़ रहा है ।

हमारे जो कांग्रेसी भाई यह कहते हैं कि इस बिल द्वारा किसानों में इन्कलाब आ जायेगा उनसे मैं यह कहना चाहता हूं कि आप राजस्थान को ही देख लीजिये । राजस्थान में भूमि के सम्बन्ध में जो ऐक्ट बना था उससे मैं वाकिफ हूं । मेरी वहां के मेम्बरों से इस सम्बन्ध में बातचीत हुई थी और उनका दृष्टिकोण सीलिंग के सम्बन्ध में इस प्रकार का था । वे लोग यह चाहते थे कि काश्तकारों के पास इतनी जमीन हो जिससे उनकी आमदनी १०० रु० माहवार हो जाय । अब आप खुद ही ख्याल कर सकते हैं कि आप काश्तकार को इतनी जमीन देना चाहते हैं जिससे कि उसको सिर्फ १०० रुपया माहवार की आमदनी हो सके और वह इन १०० रुपयों से अपने सारे घर का खर्च चलाये । इन रुपयों से वह अपने लड़कों की शिक्षा का भी प्रबन्ध कर सके क्योंकि यह बात सब लोग जानते हैं कि आजकल शिक्षा के बारे में सरकार ने क्या प्रबन्ध कर रखे हैं । अगर काश्तकार या उसके बाल-बच्चे बीमार हो जाते हैं तो गांवों में अस्पताल का कोई प्रबन्ध नहीं है । आप की कृपा से आजकल दवाइयों और डाक्टरों की फीस इतनी ऊंची चली गई है कि वे गरीब बेचारे उसको मीट नहीं कर सकते हैं और आप यह चाहते हैं कि १०० रुपये के अन्दर किसान सब कुछ कर ले । मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि आपकी पालिसी क्या है जबकि शहरी तबके हजारों रुपया कमा सकता है, उसकी कमाई पर आप कोई सीलिंग नहीं लगाने जा रहे हैं और आप देहात वालों से यह चाहते हैं कि

[श्री देवी सिंह]

वह १०० रुपया माहवार में अपना सारा खर्च चलायें और इससे ज्यादा न कमायें। आज दुर्भाग्य इस बात में है कि हमारे सदन के सदस्य यह चाहते हैं कि उनकी तनख्वाह ४०० रु० माहवार से ५०० रु० माहवार हो जाय और किसानों की आमदनी १०० रु० माहवार से ज्यादा नहीं होनी चाहिये। यह हमारी सरकार की नीति है।

अब दूसरी तरफ आप देखिये कि हमारे राजस्थान का एक बहुत बड़ा इलाका रेगिस्तान है और वहां पर कोई उपज नहीं होती है। वहां पर ज्यादातर लोग भेड़ और गाय पाला करते हैं और इस तरह से अपना धन्धा चलाते हैं। हमारी सरकार द्वारा भेड़ और गाय चराने के लिए एक सीलिंग कानून बनाया गया था जिसमें कहा गया है कि जिन लोगों ने पांच साल पहले भेड़ों के समूह को रजिस्टर करा लिया है उन्हें ही जमीन चरने के लिए दी जायेगी। जो गरीब जमींदार देहातों में रहते हैं उन्हें इस कानून का पता नहीं है। जिन लोगों के पास सौ, दो सौ, पांच सौ भेड़ें हैं, जो बड़े जमींदार हैं और जिन्हें कानून का पता है उन्होंने अपना नाम रजिस्टर करवा लिया है और उन्हें चरने के लिए जमीन दे दी गई है। जिन लोगों ने पांच साल पहले अपने जानवरों का सामूहिक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उन्हें जमीन नहीं दी गई है। स्वतंत्र पार्टी इस पक्ष में नहीं है कि कोई इतना बड़ा लैन्डलार्ड के रूप में रहे परन्तु आप इस बिल के द्वारा यह बात करने जा रहे हैं जो कि एक काश्तकार को बुरी तरह से हिट करेगा और आप इस बात को महसूस नहीं कर रहे हैं। मगर मुझे इस बात का अनुभव हो रहा है और हमारे अधिकतर कांग्रेसी सदस्यगण खेती के मामले में अनभिज्ञ हैं क्योंकि वे ज्यादातर शहरी इलाकों से आते हैं। वास्तव में उनको यह पता नहीं है कि काश्तकार का क्या हाल है और इस ऐक्ट के द्वारा आप उसकी सेवा नहीं कर रहे हैं बल्कि जड़ काट रहे हैं।

इन सब चीजों के साथ बहुत सी ऐसी चीजें कही गई हमारे सदन में कि हमारी सरकार देश में सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी लाना चाहती है और स्वतंत्र पार्टी और ऐसी प्रतिक्रियावादी पार्टियां उसे रोक रही हैं। हमें बड़ी खुशी हुई यह सुन करके कि आप सोशलिस्टिक पैटर्न ला रहे हैं, परन्तु मेरी तुच्छ बुद्धि में सोशलिस्टिक पैटर्न अभी तक समझ में नहीं आया है। आप सोशलिस्टिक पैटर्न की बात करते हैं, लेकिन आपके रैंक्स में इस तरह के सदस्य हैं जिन को लाखों रुपये का प्रीवी पर्स मिलता है। उनके पास लाखों और करोड़ों रुपये की इमारतें और प्राप्टीज हैं। फिर भी आप सोशलिस्टिक पैटर्न की बात कर रहे हैं। हमारे वे माननीय सदस्य सोशलिस्टिक गवर्नमेंट बनाने जा रहे हैं। अगर वास्तव में कांग्रेस के सदस्य सच्चाई के साथ सोशलिस्टिक पैटर्न चाहते हैं, जैसा कि वे कह रहे हैं, तो मैं कुछ नहीं कहता; बल्कि जो भी स्टैंर्ड वे सोशलिस्टिक पैटर्न का मानें उससे एक्सट्रा जितनी लाखों और करोड़ों की सम्पत्ति जिन कांग्रेसी सदस्यों के पास है, उसको उन्हें देश को वापस कर देना चाहिये देश की तरक्की के लिये, तब तो मैं कहूंगा कि आप सच्चे रूप में सोशलिस्टिक पैटर्न की बात कर रहे हैं, वरना मैं यही कहूंगा कि हाथी के दांत खाने के और हैं और दिखाने के और हैं। वास्तव में मैं तो यह समझूंगा कि यह तो गांधी जी के नाम पर जो बड़ी बड़ी प्रापर्टी और जायदादें हैं उनको सोशलिस्टिक पैटर्न की दुहाई दे करके बचाने के सिवा और कुछ नहीं है।

हमारे कुछ माननीय सदस्यों ने कई प्रकार की बातें कहीं। यह कहा गया कि जिनके पास बड़ी बड़ी चार-पांच सौ एकड़ जमीनें हैं उनको हम हटाना चाहते हैं। इसके विपरीत हम को मिलता यह है कि तीन सौ

स्क्वायर माइल जमीन हमारी सरकार अन्डमन्स में देने जा रही है। यह इस पत्र में मौजूद है। तो एक तरफ आप यह कह रहे हैं कि जिन के पास ४०० या ५०० एकड़ जमीन है वह ले ली जाय और दूसरी तरफ हमारी सरकार तीन-तीन सौ स्क्वायर माइल भूमि सोशलिस्टिक पैटर्न के अन्दर लोगों को किसी रिवार्ड के रूप में देना चाहती है।

श्री लोकनाथ मिश्र : किस को दी जा रही है ?

श्री देवी सिंह : कोई साहब होंगे। यह अखबार मौजूद है।

तो यह आप का सोशलिस्टिक पैटर्न है। मैं मिनिस्टर महोदय से निवेदन करूंगा कि वे इसको साफ तो करें कि आप के सोशलिस्टिक पैटर्न का आखिर में क्या स्तर है। जैसा कि मैं देख रहा हूं, वह अगर लाखों करोड़ों का है, तो मेरे खयाल में विश्व की किसी भी राइट विंग पार्टी को आप का सोशलिस्टिक पैटर्न ऐक्सेप्ट करने में कोई शंका नहीं होगी।

हमारे हाउस की एक माननीय सदस्या ने कल ऐसा फर्माया कि स्वतंत्र पार्टी के नेता श्री राजगोपालाचारी जी, जब हमारा विधान बन रहा था, उस समय इस तरह के प्रगतिशील कानूनों के पक्ष में थे, परन्तु आज वे और उनकी पार्टी बिलकुल बदल गई है और स्वतंत्र पार्टी प्रगति के रास्ते में बाधा के रूप में आ रही है। मेरे खयाल से राजा जी के जो विचार उस समय थे, उनमें आज भी कोई अन्तर नहीं हुआ है। राजा जी और हमारी पार्टी के किसी भी प्रगतिशील कानून के खिलाफ नहीं हैं। परन्तु जैसा कि मैंने आप से निवेदन किया कि यह कानून जो आप इस वक्त इस सदन के अन्दर लाये हैं, यह प्रगतिशील नहीं है और इसके अन्दर काश्तकारों की जमीनें ले ली जायेंगी जिससे आगे चल कर उनके दिमाग में अनस्टेबिलिटी आयेगी। अगर बड़े जमींदारों का ही सवाल था तो उनके लिये आप एक स्पेशल ऐक्ट बना सकते थे कि इतने से ज्यादा जमीन उनके पास न हो। परन्तु इस तरह का यह जो बिल आया है, इसका मैं घोर विरोध करता हूं और मैं सदन के सब सदस्यों से यह निवेदन करता हूं कि वे इस पर अच्छी तरह से विचार करके आगे अपनी राय जाहिर करें।

श्री राम सहाय (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो बिल हमारे सदन के सामने है उसका मैं समर्थन करता हूं। मुझे ताज्जुब है कि हमारे कुछ विरोधी पक्ष के सदस्यों ने इस बिल के सम्बन्ध में अपने विचार प्रगट करते हुए, जो शासक वर्ग है उसकी नीयत में कुछ सन्देह प्रगट किया है। मैं समझता हूं कि उन्होंने न तो पिछले इतिहास पर विचार किया है और न उन वर्तमान परिस्थितियों पर विचार किया है जिनके कारण यह बिल आया है। उन्हें यह बात मालूम होनी चाहिये और यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिये कि संविधान बनाने में जो खास हिस्सा या हाथ रहा है वह जो आज का शासक वर्ग है उसका ही रहा है, यानी दूसरे माने में कांग्रेस पार्टी का ही रहा है। कांग्रेस पार्टी ने जो संकल्प किया था, जो प्लेज लिया था और जो हमेशा वह लेती रही है, उसके आधार पर ही उसने सारे कानून बनाये और उसी के आधार पर संविधान बनाया। संविधान जब बना, उसके बाद उसके अमल में आने में न्यायालयों से जो दिक्कतें पेश आईं, उनको दूर करने के लिये अब यह अमेंडमेंट हाउस के सामने आया है। मैं तो समझता हूं कि जो महोदय इस प्रकार का विचार प्रगट करते हैं उन्हें तो कांग्रेस पार्टी को और कांग्रेस के शासक लोगों को धन्यवाद देना चाहिये कि जब कभी भी उन्हें आवश्यकता हुई और जब कभी भी उनको यह मालूम हुआ कि उनके बनाये हुए कानूनों में कोई त्रुटि है तो उन्होंने उसको दुरुस्त करने में कभी दरेग

[श्री राम सहाय]

नहीं किया, कभी परहेज़ नहीं किया और कभी यह ख़याल नहीं किया कि उनके ऐसा करने से कुछ बुराई पैदा होगी। जिसके लिये जैसी जैसी आवश्यकता हुई, उस प्रकार के कांग्रेस सरकार ने कानून बनाये और उस प्रकार के संशोधन संविधान में भी किये।

अभी अभी हमारे एक सदस्य महोदय ने यह बताया कि कांग्रेस पार्टी यह कहती है कि किसानों में इन्क़लाब लाने के लिये यह कानून बना है। मैं कहता हूं कि किसानों में तो इन्क़लाब लाया जा चुका है और जो इन्क़लाब लाया गया है उसको कायम रखने के लिये ही यह संशोधन हाउस के सामने उपस्थित किया गया है। मैं समझता हूं कि अगर वे इस पर विचार करते और इस शैड्यूल में जो ऐक्ट्स शामिल करने के लिये रखे गये हैं उन पर ध्यान देते, तो उनको यह अवश्य ज़ाहिर हो जाता कि दरअसल इस अमेंडमेंट के लाने का मक़सद यह है कि जो दिक्क़तें हमारे सामने आईं उनको दूर करने के लिये, और जो सुधार किसानों के लिये किये गये उनको क़ायम रखने के लिये ही यह संशोधन लाया गया है।

एक बात मैं यह अर्ज़ करूं कि इस बात को कभी भूल नहीं जाना चाहिये कि इस संशोधन में जो कुछ भी कहा गया है वह यह कहा गया है कि जब कभी किसी की भूमि ली जायगी तो उसे मार्केट वल्यू दी जायगी। मैं नहीं समझता कि इससे ज्यादा इंसाफ की चीज और क्या हो सकती है। हम ने वह ज़माना भी देखा है जब किसानों की भूमि या ज़मींदारों की भूमि या जागीरदारों की भूमि अकारण ही ले ली गई और अगर किसी को कुछ मुआवजा दिया गया तो वह बिल्कुल नगण्य था। अब हम जब इस प्रकार के कानून बनाते हैं कि जिस किसी की भी ज़मीन ली जायगी उसे बाजारी कीमत दी जाय और उस पर कुछ परसेंटेज अधिक भी दिया जाय तब मैं समझता हूं कि इस सम्बन्ध में किसी प्रकार से कोई भी अन्याय करने की बात नहीं कही जा सकती। मेरा ऐसा ख़याल है कि हम इस बारे में अच्छी तरह से विचार करेंगे तो हम सही नतीजे पर पहुंचेंगे।

अभी सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला हुआ उसका कल हाउस में जिक्र आया और उस बारे में कुछ दुहराने की आवश्यकता नहीं है, उसकी वजह से भविष्य में जो रिफार्म्स अभी तक किये गये हैं उन सब को यथावत कायम रखा जा सके, सारे स्टेट्स में जितने भी ज़मीन के सुधार के सम्बन्ध में कानून बने हैं उन पर अच्छी तरह से अमल हो सके—यही उद्देश्य इस संशोधन का है और इस संशोधन के बारे में कुछ भी शंका करना मुनासिब नहीं है।

अभी जो सदस्य महोदय बातें कर रहे थे वह सोशलिस्ट पैटर्न की बात कह रहे थे, उसमें आशंका ज़ाहिर कर रहे थे, लेकिन मैं उनसे निवेदन करूंगा कि उन्हें यह बात ध्यान में रखनी चाहिये कि हम लोग महात्मा जी के फालोअर्स हैं, पंडित जवाहरलाल नेहरू के फालोअर्स हैं और उन पंडित जवाहरलाल नेहरू के जिन्होंने आज से १० साल पहले यह वसीयत की कि उनकी भस्मी भी जो है वह भी कृषकों के काम में आये, यह बात उन्होंने वसीयतनामे में आज से १० वर्ष पहले लिखी, तो उन्हें इन सब बातों पर विचार करना चाहिये और वह जब कभी भी अपने विचार प्रकट करें तो इस पृष्ठभूमि में ही उनको अपने विचार प्रकट करना चाहिये। विरोध के लिये कुछ भी बात कही जा सकती है उसमें कोई आपत्ति नहीं लेकिन जो तथ्य हैं उन से इन्कार नहीं करना चाहिये। विरोध करने का जो दायरा है वह भी एक सीमा तक होना चाहिये। जो कार्य किसानों की भलाई के लिये, सुधार के लिये किया जा रहा है उस पर भी कोई संदेह ज़ाहिर करना कभी भी

मुनासिब नहीं है, गांवों में एक गलतफहमी पैदा करना कुछ मुनासिब नहीं है, कृषकों के लिये जो सुधार किये गये हैं उन पर किसी प्रकार की शंका प्रकट करना कुछ मुनासिब नहीं है । यह तो इतिहास बता रहा है कि कांग्रेस ने जितने भी कार्य किये हैं वह कृषकों की भलाई के लिये किये हैं, ज़मींदारी, जागीरदारी इत्यादि जो समाप्त की गई है वह कृषकों की भलाई के लिये ही की गई है । आज जो बहुत से कृषकों के पास बहुत बड़ी बड़ी ज़मीनें हैं उन पर जो सीलिंग कायम की गई है वह भी कृषकों की भलाई के लिये ही किया गया है । इतिहास इस बात का साक्षी है । मैंने तो यह देखा है कि दूसरे पेशों के लोग, वकील, डाक्टर, साहूकार इत्यादि जो गांवों में ज़मीन लेने के लिये उत्सुक रहते थे, जिन्होंने वहां हज़ारों बीघे ज़मीन ले रखी थीं, वे सब अपनी अपनी ज़मीनें बेच बेच कर अपने अपने यथास्थान पहुंच गये हैं और वे उससे लाभ नहीं उठा सके । मैं यह भी देखता हूं कि बड़े बड़े किसान जिनके पास अधिक ज़मीनें हैं वे भी अपनी ज़मीनों को बेचते हैं, उनको भी अपनी ज़मीनें बेचना पड़ेगा और केवल वही लोग जो खुद हाथ से खेती करते हैं अब कृषि कर सकेंगे । तो मैं समझता हूं कि जब इस प्रकार के कानून बनाये जा रहे हैं, इस प्रकार के सुधार किये जा रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष नमूना हमारे सामने है उस वक्त— इन कानूनों को बनाते समय, इन कानूनों के बनने के बाद इन कानूनों की व्यवस्था को कायम रखने के लिये जो संशोधन संविधान में किया जाय उसके बारे में तनिक भी कोई शंका प्रकट करना मुनासिब नहीं है । मैंने देखा है कि जो पार्टियां इस प्रकार से गलत प्रचार करके कृषकों को धोका देती थीं या धोका दे रही थीं . . .

شری عبدالغنی : دھوکا لفظ بڑا سخت ہے۔

†[**श्री अब्दुल गनी** : धोका लफ्ज़ बड़ा सख्त है ।]

t[ ] Hindi transliteration.

श्री राम सहाय : मैं तो ऐसा समझता हूं कि मैंने कोई भी ऐसा लफ्ज़ इस्तेमाल नहीं किया है ।

. . . उनको यह बात मालूम हो गई है कि अब कृषक लोग इतने नासमझ नहीं रहे हैं कि वह उनके मुगालते में आ सकें ।

(Time bell rings)

चूंकि मेरा वक्त समाप्त हो गया है इसलिये मैं अपने भाषण को समाप्त करता हूं ।

SHRI D. L. SEN GUPTA (West Bengal): Mr, Vice-Chairman, the Bill before this House really poses a challenge to the question whether we stand for reform or whether we allow the present status *quo* to be maintained. So far as our Constitution is concerned, we have promised social and economic equality. Unless there is reform, there cannot be any social or economic equality. It will remain there word for word without ever being implemented. So, we must vote for reform. Reform as it is must amount to a certain amount of reasonable restrictions on those who were so long having a field of exploitation unfettered by any law whatsoever. In the past when we talked of nationalisation of industries, it was really argued that we were curtailing somebody's Fundamental Rights. When it was tested in the court, what was the opinion of the Supreme Court and High Courts? Any reasonable restriction does not amount to curtailment of Fundamental Rights. So, whosoever was arguing for Fundamental Rights must remember that Fundamental Right is not a right to exploitation, is not a right to continue in a state as it was before. My colleagues here have expressed apprehension that if this amendment is passed, the peasantry might suffer. There are others also who swear in the name of the peasantry being benefited, that land must be distributed among the landless labour and land must come within the control of the State, and that is

[Shri D. L. Sen Gupta.] why this amendment is necessary. So, everybody is swearing in the name of the peasantry. Now, let us see where the land lies. It is certainly not in the hands of the peasantry, certainly in the hands of big zamindars. It is certainly in the hands of vested interests. So, land has got to be got from them and for that, reform is necessary. Unless we do that reform, those who are with thousands of acres of land in their hands will continue with that and those who are without land will also continue. Land cannot be produced out of nothing. Land has got to be distributed from the hands of those who possess it. That being the position we must take a realistic view.

What is there in this Bill? This Bill really promises land reform. Where land reform has been enacted by the State Legislature, by democratic vote, by a majority of the votes, those land legislations have got to be allowed to stand on the Statute Book. We talk of democratic rights. When I turn to clause 3, I find that from 21 to 64, all were passed by State Legislatures. The Resolutions are there. People's representatives there passed these Bills and these must obviously have been in the people's interests. Otherwise, they would have been voted out. People would have said: You have passed anti-people's legislation. So, these legislations are there and those legislations should take effect. If they cannot take effect for any technical reasons, the technical barriers must be removed. That is the purpose why from 21 to 64, they have been added.

So far as clause 2 is concerned, I find that this clause really provides for compensation at the market rate. It does not provide for taking over of land. I think in the interests of the peasantry, in the interests of the people, this provision should be there. Nobody wants that there should be taking of land without any compensation. It is stated there:

> "Provided further that where any law makes any provision for the acquisition by the State of any estate and where any land compris ed therein is held by a person under his personal cultivation....."

If any land is taken by any State, then what is to be done?—

> ". . .it shall not be lawful for the State to acquire any portion of such land as is within the ceiling limit applicable to him under any law for the time being in force or any building or structure standing thereon or appurtenant thereto, unless the law relating to the acquisition of such land, building or structure, provides for payment of compensation at a rate which shall not be less than the market value thereof."

From my experience in the State Legislatures, I have seen that these legislations have been often misused. There is a danger. The danger is that I have seen zamindars having thousands of acres of land redistributing them among ten or more relations or friends either in their own name or in *binami.* So people are not getting advantage of that. The real disease lies in the Implementation of the legislation. Implementation and legislation are two different things. The mischief lies in the implementation of the legislation. But that should not hinder the passage of a legislation. That is one aspect.

The second thing is, what is fundamental right so far as land reforms are concerned? I do not claim to know every land tenure system everywhere, but the Permanent Settlement in West Bengal gave rise to the zamindari system, and the then British Government actually gave land to those who betrayed national interests. Those who served their imperialist interests were made zamindars. By fundamental right do we mean the fundamental right of" those people who were traitors to the

people's interests and who got zamindaries, and should they be maintained? Unless this legislation is there, possibly land reforms will not be possible, and unless land reforms are there people's interests will suffer.

श्री प्रतुल चन्द्र मित्र (बिहार) :उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो कांस्टीट्यूशन का संशोधन बिल आया है मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । स्वतन्त्र पार्टी की ओर से कहा गया है कि यह बिल किसानों के मौलिक अधिकार पर आघात करता है । लेकिन मुझे उनको यह बतलाना है कि आप जरा समूचा संविधान देखिये, उसके प्रिएम्ब्ल में क्या है । उसके प्रिएम्ब्ल में यह है कि हम समाज के अन्दर सोशल जसटिस देंगे । सोशल जसटिस आप कैसे दे सकते हैं अगर आप समाज के साथ न्याय नहीं करेंगे । वैसे ही हमारे कांस्टीट्यूशन के जो डाइरेक्टिव प्रिन्सिप्ल हैं उनमें साफ दिया हुआ है कि आप जमीन का बंटवारा करेंगे । हर राज्य को, हर स्टेट को यह निर्देश दिया गया है कि जमीन का ठीक तरह से बटवारा करेंगे । इसलिये यह संशोधन जो आया है यह उसी की पूर्ति के लिये आया है और यह पहला मौका नहीं है कि संविधान में संशोधन हो रहा है । यहां कहा गया है कि अमेरिका में २०० वर्ष में १७ या १८ संशोधन संविधान में किये जा चुके हैं लेकिन हमने अपने यहां १७ वर्ष में यह सत्रहवां संशोधन रखा है जिसको हम स्वीकार करने जा रहे हैं । अमेरिका में हर एक संशोधन में जनता को ज्यादा अधिकार दिया गया, लेकिन हमने अपने हर एक संशोधन में जनता का अधिकार घटाया है । आखिर जनता कौन है ? जनता मुट्ठी भर आदमी, जिसके पास सम्पत्ति ज्यादा है, वह नहीं है, हमारी जनता लाखों करोड़ों गरीब आदमियों की जनता है । तो हम किसकी भलाई करते हैं । हमारे संविधान में जो भी संशोधन जरूरी होता है, वह जनता की भलाई के लिये होता है । यह सही है कि जो थोड़े से पूंजीपति या थोड़े से जमींदार या बड़े बड़े किसान हैं उनको नुक्सान होगा । लेकिन जैसा कि कहा गया है, हमारे यहां ९२ प्रतिशत किसान हैं जिनके पास ५ एकड़ से ज्यादा जमीन नहीं है, इस प्रकार कानून द्वारा यह सीलिंग कम से कम ९२ प्रति सैकड़ा किसानों के ऊपर नहीं लागू हो रही है । यह सही है कि विरोधी दल वाले जान बूझ कर, इसलिये कि कुछ विरोध करना है उसी दृष्टि से बातें करते हैं लेकिन अपने दिल जानते हैं कि संविधान के अंदर संशोधन करना ठीक है और यह जो संशोधन हो रहा है वह किसानों की भलाई के लिये है ।

एक ही बात मुझे कहनी है । अभी आज यह संशोधन आया है । इसमें प्रवर समिति ने जो एक बात का समावेश कर दिया कि पर्सनल कल्टीवेशन अगर कोई करेगा तो वह सीलिंग के अंदर हो और वह सीलिंग के अंदर की जमीन ली जायेगी तो उसका मुआवजा पूरा दिया जायेगा, बाजार की दर से दिया जायेगा । इसमें पर्सनल कल्टीवेशन के बारे में कोई डेफिनीशन नहीं दी गई है । यह सही है कि किसान को बाजार दर पर मुआवजा देना चाहिये । लेकिन बिहार में, जिस राज्य से मैं आता हूं, वहां, पर्सनल कल्टीवेशन के बारे में यह भी कहा गया है कि अगर वह हायर्ड लेबर से भी कोई खेती करावे उसको भी पर्सनल कल्टीवेशन कहा जायगा । डेफिनीशन में कहा गया है कि अपने आप या अपने परिवार वाले से या नौकर से या जो हायर्ड लेबर से भी खेती करायें तब भी उसको पर्सनल कल्टीवेशन कहा जायेगा, उनको वहां रहने की भी जरूरत नहीं है । वह पर्सनल कल्टीवेशन माना जायगा । इसलिये मैं समझता हूं कि प्रवर समिति को चाहिये था कि पर्सनल कल्टीवेशन के बारे

[श्री प्रतुल चन्द्र मित्र]

में और सफाई के साथ विचार रखती । हर एक अलग अलग राज्य अलग अलग पर्सनल कल्टीवेशन की डेफिनिशन देता है । इसलिये मेरा सुझाव है कि पर्सनल कल्टीवेशन के बारे में साफ तरीके से लिख दिया जाना उचित है कि वह पर्सनल कल्टीवेशन अपने या अपने परिवार वाले से खेती कराते हैं । हो सकता है कि किसी के पास २० एकड़ जमीन हो और कोई आदमी अकेले उतनी जमीन पर खेती नहीं कर सकता हो तो वह अपना हायर्ड लेबर रख सकता है । लेकिन कम से कम कुछ उनको खुद अपने आप भी करना होगा तब वह पर्सनल कल्टीवेशन कहा जायेगा । लेकिन जिस प्रकार से यह कानून बन रहा है उसमें यह चीज स्पष्ट नहीं की गई है ।

दूसरी बात यह है कि यह नाइन्थ शेड्यूल में जो आज हम लोग जोड़ रहे हैं और समझ लिया है कि यह तो शेड्यूल में कई एक कानून जोड़कर, जिससे कोर्ट का अधिकार नहीं रहेगा, मेरा उद्देश्य सिद्ध हो गया । यह जितनी दूर तक किया जा रहा है वह सही है । लेकिन हमारे स्टेट में गवर्नमेंट में बदलाव होता है तो कानून भी बदलता है, मिनिस्टरी बदलती है तो कानून का ढर्रा भी बदलता है । पहले जो जमींदारी अबालिशन कानून हुआ उसमें यह था कि जिस दिन से वह बिल लाया गया, इन्ट्रोड्यूस किया गया उस दिन से अगर कोई भी अपनी जमीन का कुछ हिस्सा भी हस्तांतरण करे तो वह हस्तांतरण माना नही जायेगा ।

3 P.M.

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

लेकिन लैंड-सीलिंग करके जो कानून पास हुआ उसमें ऐसा है कि कानून पास होने के बाद भी ६ महीने के भीतर जो चाहे बटवारा कर सकता है । इसके बाद भी जैसा कि मुझे मालूम हुआ है कि ६ महीने का समय और ऐक्सटेण्ड कर दिया गया जिससे लोग अपने रिश्तेदारों को जमीन दे सकें और बटवारा कर सकें । इसलिये मैं समझता हूं कि यह जो ९वां शेड्यूल बढ़ाया जा रहा है, उसका नम्बर बढ़ाया जा रहा है, पीछे जैसे जैसे देश प्रोग्रेस करता रहेगा, उसी हिसाब से नम्बर और शेड्यूल बढ़ाना होगा । अभी जो होना चाहिये, जिस तरह से सीलिंग लगाई जानी चाहिये, जिस तरह का बंटवारा होना चाहिये, उन सब के लिये यह कानून बनाया जा रहा है ।

इसके साथ ही साथ मैं इस बात के लिये भी प्रवर समिति को धन्यवाद देता हूं कि बिहार का जो सीलिंग ऐक्ट था, जो कानून था, उसमें जो २८वीं धारा है उसको इस कानून के परव्यू से अलग कर दिया गया है । मैं इस बात का समर्थन करता हूं क्योंकि जिनके पास एक एकड़ से ज्यादा जमीन है उनको १/२० हिस्से ले कर १/६ हिस्से तक सरकार को देना पड़ता । इस तरह से जो गरीब किसान जिसके पास एक एकड़ से ज्यादा जमीन है, जिनको जमीन देने के लिये जबर्दस्ती की गई थी, कोर्ट उनके अधिकारों के बारे में इन्टरफियर करने से वंचित नहीं होंगे । इसलिये मैं इस बिल का तहे दिल से समर्थन करता हूं ।

श्री जगत नारायण (पंजाब) : डिप्टी चेयरमैन, महोदया, मैंने इस बिल पर ट्रेजरी बेन्चेज के मेम्बरों, स्वतन्त्र पार्टी के मेम्बरों और अपोजीशन मेम्बरों के नेताओं की तकरीरें सुनीं और बड़े गौर से पढ़ीं । इस सदन का कोई भी मेम्बर ऐसा नहीं हो सकता है जिसके दिल में किसानों के लिये हमदर्दी न हो या वह किसानों की बहबूदी नहीं चाहता हो । ट्रेजरी बेन्चेज से यह कहा गया है कि यह बिल किसानों की बहबूदी के लिये लाया गया है इसलिये इस सदन में संविधान में तरमीम किया जा रहा है । मगर जो लोग इसकी मुखालिफत करते

हैं उनके बहुत से खदशे हैं और सबसे बड़ा खदशा यह है कि कान्स्टीट्यूशन को अमेन्ड करके इस बिल को पास करने की कोशिश उन वोटों से की जा रही है जो या तो सरमायेदार हैं, लैण्ड लार्ड हैं, महारानी हैं या राजा महाराजा हैं। कल इसी हाउस में पंजाब की मेरी एक बहिन ने तकरीर की और उन्होंने यह कहा कि वह सोशलिज्म लाना चाहती हैं और वे सोशलिज्म के हक में हैं। इस सम्बन्ध में मुझे एक बात कहनी है और वह यह है कि उनके पति को २५ लाख रुपया प्रीवी पर्स मिलता है। अगर आप राजपुरा से कार में बैठ कर पटियाला जायें तो ७ मील के फासले पर एक बड़ा फार्म मिलेगा जिसका ७ मुरब्बा मील रकबा है। उस फार्म में किसी का हिस्सा नहीं है और वह सिर्फ महाराजा पटियाला का फार्म है। फिर मेरी यह भी इत्तिला है कि महाराजा पटियाला ने अन्डमान में ४०० एकड़ जमीन ले ली है। महोदया, जो मेरी बहिन पर सोशलिज्म का प्रचार कर रही थीं, जो खदशे हैं वह यह है कि जिनके वोटों से वह बिल पास किया जायेगा वे कीमत मांगेंगे। कैसी कीमत मांगेंगे? मुझे याद है कि सच्चर वजारत ने जो ३० स्टण्डर्ड एकड़ मुकर्रर किया था उसका क्या हुआ। जो बड़े बड़े लैण्डलार्ड थे, जो बड़े बड़े जमींदार थे उन्होंने क्या किया? जो बच्चा कल पैदा होने वाला था उसके नाम में भी ३० एकड़ जमीन लगा दी और इस ढंग से वे इस लेजिस्लेशन को खत्म करना चाहते हैं। जिस मुद्दा को सामने रख कर स्टैण्डर्ड एकड़ की हद मुकर्रर की गई है उसको भी खत्म करके रख देना चाहते हैं।

दूसरा उन्होंने यह किया कि जो गार्डन कालोनीज हैं तीन सौ, चार सौ, पांच सौ, एकड़ की उन जमीनों को ले लिया। अगर आप मेरे साथ जलन्धर चलें तो आप देखेंगे कि जो बड़े बड़े सरमायादार हैं उन्होंने गार्डन कालोनी के नाम पर बड़ी बड़ी जमीनें ले ली हैं दो सौ, तीन सौ, चार सौ एकड़ की और उनमें सिर्फ ५० या १०० दरख्त लगे हुए हैं। वे लोग उस जमीन में क्या करते हैं? वे लोग उस जमीन में आलू बीजते हैं क्योंकि यह कैस क्राप है और आपको वहां पर कोई फलदार दरख्त नजर नहीं आयेंगे। वे लोग इन जमीनों में आलू बीजते हैं और इस ढंग से किया कि जिन मजारों के लिए यह कानून बनाया गया था, यह लिमिट मुकर्रर की गई थी वे बेचारे बेबस हैं। आज उन्हें दो तिहाई हिस्सा मिलता है जबकि पहले वे आधा हिस्सा लेते थे बटाई का। मैं बड़े अदब से वजीर साहब की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि बेशक उनके दिल में किसानों की भलाई होगी, किसानों के लिए हमदर्दी होगी। मगर उनको यह याद रखना चाहिये कि जो खतरा है, जिन लोगों की वोटों से यह बिल पास किया जा रहा है क्योंकि आपकी दो तिहाई मेजारिटी है, वही लोग कल कानून को भंग करेंगे। वही आपके पास आयेंगे और कहेंगे कि इस ढंग से जमीन को रहने दो कि जो कानून आप पास करने जा रहे हैं वह उस पर लागू नहीं हो सकेगा।

दूसरा महोदया, बड़ा खदशा यह है खतरा यह है कि सूबाई सरकारों ने जो लिमिट तीस, बीस, दस एकड़ की अपने अपने सूबे में मुकर्रर की है उनको हुकूमत लेजिस्लेशन के जरिये यह करेगी कि दुसरे सूबे में कम है इसलिये हमारे सूबे में भी उतनी ही होनी चाहिये। अगर जाब में ३० एकड़ है और किसी दूसरे सूबे में २० एकड़ है तो १० स्टैन्डड एकड़ जमीन सरकार खुद ले लेगी। तो मैं समझता हूं कि वजीर महोदय जब जवाब दें तो इस बात का हाउस को यकीन दिलायेंगे कि सूबों में जो जो स्टेन्डर्ड एकड़ हद मुकर्रर की गई हैं, तमाम सूबों में इसके बारे में जो लेजिस्लेशन बने हुए हैं उनमें किसी प्रकार की कोई तबदीली नहीं होगी।

[श्री जगत नारायण]

